

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 12 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख कृष्ण 10 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 207 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर

अक्षय और तब्बू ने नहीं किया साथ में काम 6


## नहीं रहीं दिग्गज गायिका आशा भोसले, 92 वर्ष की आयु में दुनिया को कहा अलविदा, कल अस्पताल में हुई थीं भर्ती

**मुंबई:** मशहूर गायिका आशा भोसले हमारे बीच नहीं रहीं। 92 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। करीब सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका को कल शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका उपचार चल रहा था। दुनियाभर के फैंस दुआएं कर रहे थे। मगर, रविवार को गायिका ने दुनिया को अलविदा कह दिया। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने इस खबर की पुष्टि की है।




**सीने में संक्रमण के कारण अस्पताल में कराया गया था भर्ती:** बीते दिन शनिवार को आशा भोसले के तबीयत बिगड़ने की खबर आई। गायिका की पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उनका हेल्थ अपडेट साझा करते हुए लिखा था, अत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी निजता का सम्मान करें। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा'। गायिका की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल के बाहर फैंस की भीड़ जमा होने लगी। साथ ही आशा भोसले के आवास के बाहर भी लोग एकत्र होने लगे। सभी को आस थी कि गायिका स्वस्थ होकर लौटेंगी, मगर फैंस की यह उम्मीद टूट गई।

**कल होगा अंतिम संस्कार:** आशा भोसले का अंतिम संस्कार कल सोमवार को होगा। गायिका का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे लोअर परेल में उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। शाम 4 बजे दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यही वही जगह है, जहां उनकी बहन लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था।

**मराठी फिल्म में गाया था पहला गाना:** 8 सितंबर 1933 को आशा भोसले का जन्म एक संगीत से जुड़े परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक एक्टर और क्लासिकल सिंगर थे। आशा भोसले स्वर कोकिला लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले जब नौ साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी फैमिली पुणे से कोल्हापुर और बाद में मुंबई आ गई। बड़ी बहन लता मंगेशकर के पद्चिन्हों पर चलते हुए वह भी संगीत की दुनिया में आईं। आशा भोसले ने पहला गीत मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में चला चला नाव वाला गाया था। जबकि बॉलीवुड में उनका पहला गाना चुनरिया (1948) फिल्म में सावन आया था। यहां से शुरू हुआ संगीत और गीतों का सफर पांच दशक से ज्यादा समय तक चला और आशा भोसले देखते-देखते भारतीय संगीत की दिग्गजों में शामिल हो गईं।

## तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू, 28 अगस्त तक चलेंगे दर्शन



**जम्मू :** श्री अमरनाथ जी यात्रा 2026 का शुभारंभ तीन जुलाई से होगा और यह पवित्र यात्रा 57 दिनों तक चलकर 28 अगस्त को संपन्न होगी। इस यात्रा की घोषणा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक के बाद की। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे और यह अनिवार्य रहेगा। देशभर में 556 अधिकृत बैंक शाखाओं के माध्यम से अग्रिम पंजीकरण किया जा सकेगा, जबकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्रा के लिए आयु सीमा 13 से 70 वर्ष तय की गई है। श्रद्धालु पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और 14 किलोमीटर छोटे लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए यात्रा कर सकेंगे। इस वर्ष की प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा, 19 जून को आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।

## एसआईआर के बाद 12 राज्यों से हटाए गए 5.2 करोड़ नाम, 2 करोड़ मतदाताओं को सूची में जोड़ा



**नई दिल्ली :** भारतीय चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत देश के 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों का व्यापक शुद्धिकरण किया है। इस प्रक्रिया में करीब 5.12 करोड़ अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाए गए, जो कुल मतदाताओं का लगभग 10.12 प्रतिशत है।

आयोग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाना था। इसके तहत अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डबल पंजीकरण वाले और अन्य अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाए गए, ताकि फर्जी मतदान की संभावना को समाप्त किया जा सके।

एसआईआर अभियान की शुरूआत बिहार से की गई थी, जिसके बाद उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात और तमिलनाडु सहित कुल 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में इसे लागू किया गया। इस दौरान लगभग 51 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच की गई, जिनमें से 10.12 प्रतिशत प्रविष्टियां अयोग्य पाए जाने पर हटाई गईं।

आंकड़ों के मुताबिक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सबसे अधिक 16.6 प्रतिशत नाम हटाए गए। इसके बाद उत्तर प्रदेश (13.2%), गुजरात (13.1%), छत्तीसगढ़ (11.3%) और पश्चिम बंगाल (10.9%) का स्थान रहा। पश्चिम बंगाल में न्यायिक प्रक्रिया के तहत 27 लाख से अधिक नाम हटाए गए।

जांच के दौरान पाया गया कि लगभग 13 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर मौजूद नहीं थे, जबकि 3.1 करोड़ लोग अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा, करीब 6.5 करोड़ ऐसे मतदाता भी चिन्हित किए गए जिन्होंने कभी मतदान नहीं किया था, जिससे फर्जी वोटिंग की आशंका बनी रहती थी। शुद्धिकरण के बाद अब इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में कुल 45.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में क्रमशः 20.9 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई, जबकि पुडुचेरी में 1 प्रतिशत की कमी देखी गई। अन्य राज्यों में मध्य प्रदेश (5.7%), राजस्थान (5.4%), केरल (2.5%) और लक्षद्वीप (0.3%) में भी मतदाताओं की संख्या में गिरावट आई है।

आयोग ने यह भी बताया कि नाम हटाने के साथ-साथ करीब 2 करोड़ नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया है। इनमें उत्तर प्रदेश 92.4 लाख नए मतदाताओं के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (35 लाख), केरल (20.4 लाख), राजस्थान (15.4 लाख), मध्य प्रदेश (12.9 लाख) और गुजरात (12 लाख से अधिक) का स्थान है।

आयोग का कहना है कि इस प्रक्रिया से मतदाता सूची अधिक विश्वसनीय बनी है और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता को मजबूती मिलेगी।

## महिला सुपरवाइजर ने नाबालिग को पीट-पीटकर मार डाला, भाई के साथ हुई गिरफ्तार

### नाबालिग, महिला सुपरवाइजर के घर पर आया का काम करती थी

**रांची:** कांके इलाके में हुई 16 वर्षीय नाबालिग की मौत मामले में महिला सुपरवाइजर और उसके भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग, महिला सुपरवाइजर के घर पर घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। काम के दौरान ही महिला सुपरवाइजर ने नाबालिग को बेरहमी से पीटा था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के एक सरकारी कार्यालय में सुपरवाइजर के पद पर तैनात सुषमा कुमारी ने 16 साल की नाबालिग को अपने घर में नौकरानी के तौर पर काम के लिए रखा था। सुषमा लगातार नाबालिग के साथ मारपीट करती थी। उसे जबरदस्ती यातना दी जाती थी। इसी बीच बहुत ज्यादा मारपीट किए जाने की वजह से शनिवार को नाबालिग की मौत हो गई।

नाबालिग की मौत के बाद सुषमा ने अपने भाई और ड्राइवर के साथ मिलकर उसके शव को उसके गांव पहुंचा दिया और फिर वहां से फरार हो गई। परिवार वालों ने जब अपनी बेटी को देखा तो उसके शरीर पर कई जख्म पाए गए। जिसके बाद शनिवार की रात सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कांके थाना पहुंचे और जमकर हंगामा किया।



**पुलिस जांच में जुटी, टार्चर करने के मिले सबूत:** मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर खुद मामले की तफ्तीश के लिए कांके थाना पहुंचे। डीएसपी हेडक्वार्टर वन अमर पांडेय सहित अन्य पुलिस बल ने शनिवार की रात सुषमा देवी के घर में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज की जांच से यह स्पष्ट हो गया कि सुषमा ने नाबालिग के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि सुषमा हर दिन बच्ची के साथ अमानवीय व्यवहार करती थी।

**देर रात हुई गिरफ्तार:** हेडक्वार्टर डीएसपी 1 अमर पांडेय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तमाम तरह के साक्ष्य इकट्ठा किए गए हैं। नाबालिग की हत्या को लेकर सुषमा कुमारी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे का अनुसंधान भी जारी है।



## तेज रफ्तार कंटेनर ने 6 लोगों को कुचला 5 की मौके पर मौत,1 गंभीर घायल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों को एक तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना जबलपुर-अमरकंटक हाईवे पर गाड़ासरई थाना क्षेत्र के किकरातालाब के पास देर रात हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है।

बताया जा रहा है कि मृतक परसवाह, करबे मट्टा और उफरी गांव के निवासी थे। सभी लोग शनिवार को सिलियारी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर पिकअप वाहन से वापस लौट रहे थे। रास्ते में वाहन पंचर हो जाने के कारण वे रात करीब 12:30 बजे सड़क किनारे खड़े होकर टायर बदलने का इंतजार कर रहे थे।

इसी दौरान अमरकंटक की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कंटेनर सड़क किनारे खड़े लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुछ लोग करीब 10 फीट तक उछल गए। कंटेनर ने इसके बाद एक छोटी मड़िया, बिजली के पोल और यात्री प्रतीक्षालय को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन करीब 350 मीटर आगे जाकर रुका, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो

### वार्ता विफल होने बाद ट्रंप का आखिरी दांव

## ईरान को भेजा फाइनल और बेस्ट ऑफर, अगर ये ठुकराया तो...

**नई दिल्ली/एजेंसी:** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते को लेकर इस्लामाबाद में हुई महत्वपूर्ण बातचीत आखिरकार किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता करीब 21 घंटे तक लगातार चली, जिसमें दोनों पक्षों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की, लेकिन अंतिम सहमति नहीं बन पाई। जेडी वेंस ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में डोनाल्ड ट्रंप की सीधी भूमिका रही। बातचीत के दौरान अमेरिकी टीम लगातार व्हाइट हाउस के संपर्क में थी और कई बार ट्रंप से सलाह ली गई। ट्रंप ने पहले ही निर्देश दिया था कि बातचीत पूरी ईमानदारी से की जाए, लेकिन अमेरिका की सीमाएं स्पष्ट रहीं।

**अमेरिका का फाइनल ऑफर :** अमेरिका ने ईरान के सामने एक फाइनल और बेस्ट ऑफर रखा। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ईरान भविष्य में कभी भी परमाणु हथियार विकसित न करे। ईरान स्पष्ट और लिखित रूप में वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। वह ऐसी तकनीक या संसाधन भी विकसित नहीं करेगा जिससे जल्दी हथियार बनाया जा सके। यह प्रतिबद्धता अस्थायी नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए हो। अगर ईरान इसे ठुकराता है, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। मध्य-पूर्व में पहले से ही तनाव बना हुआ है, और ऐसे में यह असफल बातचीत हालात को और जटिल बना सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु मुद्दे पर भरोसे की कमी साफ दिखाई दे रही है। हालांकि बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं हुआ है, लेकिन फिलहाल दोनों देशों के बीच दूरी बनी हुई है। अगर ईरान फाइनल ऑफर को ठुकराता है, तो अमेरिका नए प्रतिबंध लगा सकता है।



**बातचीत क्यों फेल हुई? :** वेंस के अनुसार, बातचीत में कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे, दोनों पक्षों के बीच गहन चर्चा हुई। लेकिन सबसे बड़ा विवाद इस बात पर रहा कि ईरान अमेरिका की शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं हुआ। अमेरिका को लगा कि ईरान की तरफ से मजबूत और स्थायी प्रतिबद्धता नहीं मिल रही है। यही वजह रही कि 21 घंटे की कोशिशों के बावजूद कोई समझौता नहीं हो सका। वेंस ने दावा किया कि अमेरिकी पक्ष ने बातचीत में लचीलापन दिखाया और कई मामलों में समझौता करने की कोशिश की। इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच विश्वास और शर्तों को लेकर अंतर बना रहा। अब अमेरिका ने साफ कर दिया है।

### ईरान-अमेरिका की 21 घंटे चली बातचीत बेनतीजा

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- उन्हें बेस्ट ऑफर दिया, ईरान बोला- ट्रम्प की शर्तें ज्यादा सख्त

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है।



वेंस अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना डील के लौट रहा है। यह अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना।

वेंस ने यह भी कहा कि आगे समझौते की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम उन्हें बेस्ट ऑफर देकर जा रहे हैं। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं।

## सुदेश महतो ने घायलों की मदद

**मुरी:** रांची से सिल्ली आने के क्रम में रेलवे ओवरब्रिज के समीप आल्टो और आटो के टक्कर में घायलों को स्वंय सुदेश महतो अपनी गाड़ी से उतर कर नजदीक के अस्पताल में भेजने में मदद की। जानकारी के मुताबिक टेम्पो में सवार महिलाए एवं अन्य को ज्यादा चोट नहीं आई।

## ताइक्वांडो खिलाड़ी सह प्रशिक्षक रितेश कुमार की मेरठ में असामयिक मौत



**चतरा:** जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के ताइक्वांडो खिलाड़ी सह प्रशिक्षक चतरा शहर के कुम्हार टोली बाजार टांड़ निवासी रितेश कुमार (31 वर्ष) की मेरठ में असामयिक मौत हो गई। ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव उमेश प्रजापति ने बताया कि रितेश कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ बीपीएड की परीक्षा देने मेरठ गए हुए थे।एक दिन पूर्व पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद उनके मित्रों ने उन्हें गंभीर अवस्था में शुभार्थी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इस बीच उन्हें भेंटीलेटर पर रखा गया था। आज तड़के सूचना मिली कि उनकी मौत हो गई है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। आपको बताते चलें कि रितेश शहर के मारवाड़ी मोहल्ला स्थित रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में बतौर प्रशिक्षक नियुक्त थे। वहीं समाचार लिखे जाने तक शव को चतरा लाने के लिए सांसद श्री कालीचरण सिंह के सहयोग से मेरठ में एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई जा रही है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ओरल हेल्थ शिविर आयोजित




**चतरा:** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे व्यापक जन-जागरूकता अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार आयोजित हुआ।शिविर का नेतृत्व सदर अस्पताल के दंत चिकित्सक डॉ. प्रभात कुमार सुमन ने किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मौखिक स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए दांतों की नियमित सफाई, प्रतिदिन कम-से-कम दो बार ब्रश करने की आदत तथा सही ब्रशिंग तकनीक के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। साथ ही संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली को बेहतर दंत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया।शिविर के दौरान कुल 98 छात्राओं का ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 21 छात्राओं में दंत संबंधी समस्याएं पाई गईं। चिन्हित छात्राओं को आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए आगे की जांच एवं समुचित उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया। साथ ही सभी छात्राओं को डेंटल किट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में हरि शंकर (डीपीए-एनसीडी), शशि भूषण शास्त्री (सोशल वर्कर, एनटीपीसी) एवं सोनी कुमारी (स्टाफ नर्स) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उपायुक्त ने बालिका आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण,शीघ्र स्थानांतरण का दिया निर्देश



**चतरा:** उपायुक्त कीर्तिश्री ने ऊंटा स्थित मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना अंतर्गत संचालित बालिका आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रय गृह में रह रही बालिकाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं दैनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही आश्रय गृह में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बालिकाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

निरीक्षण उपरांत उपायुक्त ने पकरिया स्थित प्रस्तावित स्थल वृद्धा आश्रम भवन का भी जायजा लिया, जहां बालिका आश्रय गृह को स्थानांतरित किया जाना है। इस दौरान भवन में चल रहे मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा की गई, जो लगभग पूर्ण पाए गए।उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं के बेहतर भविष्य एवं सुरक्षित वातावरण को ध्यान में रखते हुए आश्रय गृह को शीघ्र ही नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरण की प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित करें।

मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मनोज मुंडारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद,जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## ट्यूशन से लौटते समय अचानक गायब हुआ छात्र, मचा हड़कंप

**चतरा:** घर से ट्यूशन के लिए बुधवार सुबह करीब 7 बजे निकले हंटरगंज क्षेत्र से लापता छात्र का कोई सुराग नही मिल रहा है। परिजन काफी खोजबीन कर परेशान है। परिजनों को अनहोनी होने की चिंता सता रही है। लापता 13 वर्षीय छात्र इंद्रजीत कुमार पिता संजय दास हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरिया गांव का निवासी है । इस संबध में छात्र के पिता संजय ने हंटरगंज थाना में आवदेन देकर पुलिस प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई है। संजय ने कहा है कि इंद्रजीत विगत 8 अप्रैल को जजलों ट्यूशन पढ़ने के लिए निकला था। कुछ सहपाठियों ने बताया कि इंद्रजीत ने दूसरे रास्ता से घर जाने की बात कही। इस दौरान वह हमलोगों से बिछड़ गया। लगातार परिजन छात्र को ढूंढ रहे है इसके बावजूद भी कोई सुराग नही मिल रहा है। इससे परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। परिजनों ने प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, पुलिस हर एक एंगल से जांच में जुटी है।जल्द ही मामले की खुलासा कर छात्र को सुरक्षित खोज लिया जाएगा।

# झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर वन बनाना लक्ष्य: डॉ. इरफान अंसारी

संवाददाता

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर चाणक्य बीएनआर में भव्य कार्यक्रम आयोजित आज चाणक्य बीएनआर, रांची में ह्यराष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2003 में कस्तूरबा गांधी की जयंती को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में घोषित किए जाने के बाद से प्रत्येक वर्ष 11 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने की।

झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर वन बनाना है: अपने संबोधन में डॉ अंसारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'किसी भी महिला को जीवन देते समय अपना जीवन नहीं खोना चाहिए' और मातृ मृत्यु दर को शून्य के करीब लाना ही सरकार का लक्ष्य है। डॉ अंसारी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, आर्थिक सहयोग और जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है। डॉ अंसारी ने बताया कि किशोरियों की शिक्षा, 18 वर्ष के बाद विवाह सुनिश्चित करना और एनीमिया नियंत्रण जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि स्वस्थ मातृत्व और स्वस्थ शिशु जन्म को बढ़ावा मिल सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैसे प्रयासों के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने सहिया कार्यकर्ताओं और नर्सों की सराहना करते हुए कहा कि वे विषम परिस्थितियों में भी 2437 सेवा देकर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे रही हैं। मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुपोषण, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और एनीमिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए राज्यभर में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



यूनिसेफ के सहयोग से जागरूकता, ग्राम स्तर तक पहुंच और व्यवहार परिवर्तन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही ममता वाहन जैसी सेवाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाया जा रहा है और सहिया कार्यकताओं को प्रोत्साहन राशि देकर उनकी भूमिका को और मजबूत किया जा रहा है।

मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि वर्तमान में झारखंड स्वास्थ्य सेवाओं में देश में तीसरे स्थान पर है, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे पहले स्थान पर पहुंचाना है। डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 42,000 सहिया कार्यकताओं को एक माह के भीतर टैब उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे तकनीकी रूप से सशक्त होकर गांव-गांव में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। अपने संबोधन के अंत में मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड की माताएं और बहनें राज्य की सबसे बड़ी शक्ति हैं और सरकार उनके स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। शशि प्रकाश झा, अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने कहा कि किसी भी राज्य के वास्तविक विकास का आकलन उसके बुनियादी ढांचे से नहीं, बल्कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर जैसे स्वास्थ्य सूचकों से किया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थिति बेहतर हुई है, लेकिन वैश्विक मानकों तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। तकनीकी सत्र में डॉ. पुष्पा, स्टेट नोडल ऑफिसर (मातृ स्वास्थ्य), ने बताया कि राज्य में उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की समयबद्ध पहचान और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लक्ष्य है कि मातृ मृत्यु दर को सिंगल डिजिट तक लाया जाए, जैसा कि केरल जैसे राज्यों में संभव हुआ है। पारुल शर्मा, सीएफओ इंचार्ज, यूनिसेफ ने कहा कि झारखंड मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक उभरता हुआ मॉडल बन रहा है।

**मातृत्व कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक... :** डॉ. पुष्पा ने जोर देकर कहा कि 'मातृत्व कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक नए जीवन की शुरूआत है-इसलिए एक भी मातृ मृत्यु स्वीकार्य नहीं है।' कार्यक्रम में केडिया बंधु द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पंडित मिथिलेश झा (तबला) की संगत ने आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। संगीत ने मातृत्व के दौरान सकारात्मकता और मानसिक सुकून के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं माताओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल से संबंधित एक मॉड्यूल का भी शुभारंभ डॉ अंसारी ने किया।

### उपायुक्त ने मत्स्य विज्ञान के प्रशिक्षुओं से किया संवाद

## मछली पालन की संभावनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा



संवाददाता

**चतरा:** उपायुक्त कीर्तिश्री जी के गोपनीय शाखा में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र चतरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मत्स्य विज्ञान के प्रशिक्षुओं के साथ एक संवादात्मक इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस, गुमला के बैचलर ऑफ फिशरी साइंस (सातवां सेमेस्टर) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस, गुमला बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राज्य की एकमात्र मत्स्य विज्ञान शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था है।

उक्त छात्र-छात्राएं दिनांक 1 अप्रैल से 11 अप्रैल तक दस दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन उनके द्वारा अर्जित अनुभवों एवं जानकारियों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं से मत्स्य पालन के क्षेत्र में उनके अध्ययन, शोध एवं अनुभवों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही चतरा जिले में मछली पालन की संभावनाओं एवं उसके विकास के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मत्स्य पालन से जुड़े किसानों के लिए नियमित प्रशिक्षण, आधारभूत संरचना के विकास, बायोफ्लॉक तकनीक के विस्तार, उन्नत मत्स्य पालन पद्धतियों के उपयोग तथा मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र मोहन मिश्रा से प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रदान की गई शैक्षणिक एवं प्रायोगिक जानकारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने कुल 16 प्रशिक्षुओं (14 छात्राएं एवं 2 छात्र) के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया।

### पुलिस की मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## एक करोड़ 30 लाख के अफीम, डोडा व अन्य मादक पदार्थ जब्त

### किसी कीमत पर नहीं बख्शे जाएंगे माफिया: एसपी



संवाददाता

**चतरा:** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में चतरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 1 करोड़ 30 लाख रुपये मूल्य का अफीम, डोडा, गांजा और पोस्ता दाना बरामद किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त बाइक, नगद राशि और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। शनिवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लावालौंग थाना क्षेत्र के बूढ़ी गांव निवासी तीन सगे भाईयों मनोज गंझू, बब्लू गंझू और कमलेश गंझू के घरों के अलावा सिलदाग गांव निवासी बिपिन कुमार यादव के अस्थायी ठिकाने तथा सौरू नावाडीह गांव निवासी राकेश गंझू के घर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। सूचना पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 किलो 950 ग्राम गीला अफीम, 296 किलो 950 ग्राम डोडा, 50 ग्राम गांजा और 76 किलो 700 ग्राम पोस्ता दाना बरामद किया। साथ ही 3 लाख 11 हजार 600 रुपये नकद, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा आरोपियों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक भी जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। एसपी ने बताया कि फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि चतरा पुलिस अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को जिले में पनपने नहीं दिया जाएगा।

### स्कूल रूआर 2026 को लेकर जिला स्तरीय अभिमुखीकरण सह समीक्षा बैठक

# शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

संवाददाता

**चतरा:** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में शनिवार को स्कूल रूआर 2026 अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय अभिमुखीकरण सह समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 09 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा उनकी नियमित उपस्थिति को सुदृढ़ करना है।कार्यक्रम में उपायुक्त कीर्तिश्री , उप विकास आयुक्त, सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम




का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मो. एजाजुल हक द्वारा किया गया। इस अवसर पर रुम टू रीड, परिमल फाउंडेशन,सी 3 एवं संपर्क संस्था सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी रही।कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा स्कूल रूआर 2026 अभियान के उद्देश्यों, लक्ष्य समूह एवं कार्यान्वयन रणनीतियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि शिशुपंजी/डहर ऐप के माध्यम से चिन्हित अनामांकित एवं ड्रॉपआउट बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रस्तुति में अवगत कराया गया कि विद्यालय स्तर पर यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष रूप से संचालित होगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों से 5+ आयु वर्ग के बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन, विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों की अगली कक्षा में प्रोन्नति एवं नामांकन तथा ई-विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से नियमित उपस्थिति का अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला स्तर पर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर बल दिया गया। प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर स्पष्ट जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए डोर-टू-डोर संपर्क, अभिभावकों से संवाद, नामांकन अभियान, विशेष गतिविधियों के आयोजन एवं नियमित अनुश्रवण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में 16 दिवसीय गतिविधि आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जानकारी दी गई, जिसमें नामांकन अभियान, स्वच्छता, खेल-कूद, जागरूकता कार्यक्रम, बाल संसद एवं माता समिति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने पर फोकस किया जाएगा।उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी विभागों को समन्वित प्रयास के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम दो विद्यालयों का भ्रमण कर अभियान को गति प्रदान करने को कहा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की।उप विकास आयुक्त ने अनुश्रवण एवं दस्तावेजीकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों एवं प्रखंडों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विधायक एवं जिला परिषद अध्यक्षा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बालिका शिक्षा के महत्व पर बल दिया तथा इस अभियान को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने एवं अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

रांची में उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक की साजिश

# तमाड़ के एक स्कूल से सैकड़ो उम्मीदवार धराए



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग परीक्षा से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 160 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी को थाना परिसर में रखकर पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद की गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोग उत्पाद विभाग की परीक्षा देने के लिए तमाड़ पहुंचे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि परीक्षा के दौरान कुछ गड़बड़ी या संदिग्ध गतिविधियां हो सकती हैं, जिसके बाद मौके पर छापेमारी की गई और सभी लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है जिससे पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।



## बदल गया मौसम का मिजाज, गर्म हवा से बढ़ेगी परेशानी

**रांची:** झारखंड के सभी जिलों में अब धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है और गर्मी का मौसम पूरी तरह दस्तक देने लगा है। कुछ दिन पहले तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ठंडी हवाएं चल रही थीं, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत और सुकून मिला था। हालांकि अब मौसम ने फिर करवट ले ली है और आने वाले दिनों में गर्मी का असर तेजी से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अगले चार दिनों के भीतर राज्य के अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होगी। इसके साथ ही गर्म हवा चलने से लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

**राजधानी रांची का तापमान 24 घंटे में 1.7 डिग्री बढ़ा:** मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आसमान आमतौर पर साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। इसी बीच 24 घंटे में राजधानी रांची का अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। वहीं मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

**सबसे अधिक तापमान सरायकेला में:** झारखंड में सबसे अधिक तापमान सरायकेला जिला का 37.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

रांची ट्रैफिक पुलिस पर एसएसपी की सख्ती

# ड्यूटी पर मोबाइल चलाया तो नपेंगे जवान, बेहतर काम पर मिलेगा इनाम

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने और ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए पुलिस अब एक्शन मोड में आ गई है। एसएसपी राकेश रंजन की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। एसएसपी ने साफ तौर पर कहा है कि ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने या मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**5 नए ट्रैफिक पोस्ट और जाम के हॉटस्पॉट पर नजर:** शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के



लिए पांच नए ट्रैफिक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शहर के उन हॉटस्पॉट (जहां सबसे ज्यादा जाम लगता है) को चिन्हित करें और वहां लगने वाले जाम के कारणों का तकनीकी विश्लेषण करें। इसके आधार पर संबंधित जगहों पर सिग्नल लाइट, डिवाइडर और बोलार्ड लगाने की सूची तैयार की जाएगी।

**बॉडी वॉर्म कैमरा और शालीन व्यवहार अनिवार्य:** वाहन जांच के दौरान पुलिस और आम जनता के बीच होने वाले विवादों को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को बॉडी वॉर्म कैमरा ऑन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही, आम लोगों के साथ बातचीत के दौरान शालीनता बरतने की सख्त हिदायत दी गई है ताकि पुलिस की छवि बेहतर हो सके।

**डिजिटल मॉनिटरिंग और नाइट ट्रैफिक प्लान:** यातायात व्यवस्था को हाई-टेक बनाने के लिए एक विशेष ट्रैफिक ऐप तैयार किया जाएगा, जिसके जरिये सीधे कंट्रोल रूम से ट्रैफिक पोस्ट की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। बैठक में रात के समय वाहन चालकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए मुख्य चौराहों पर देर रात तक ट्रैफिक पुलिस की तैनाती पर भी गंभीरता से विचार किया गया।



## अपनी कला से मनीष ने पूरे गांव को दिलाई एक नई पहचान

**रांची :** तमाड़ के चिरुडीह गांव के स्व अश्विनी कुमार महतो के पुत्र मनीष कुमार महतो ने खुद की मेहनत से तथा दूसरे छोटे-छोटे कलाकारों की सहायता से अपने कला को निखारने का कार्य किया ,साथ ही समय रहते गांव के बच्चों को एवं महिलाओं को कला के प्रति प्रेरित किया। मनीष कुमार महतो ने चिरुड़ीह गांव को कला से उकेर कर राज्य में एक नया नाम एवं पहचान दिया है। मनीष का उद्देश्य ग्राम तक ही सीमित नहीं है,वे आस-पास के सभी क्षेत्र में जाकर कला की जानकारी एवं जरूरतमंदों को हुनर भी सिखाते हैं । जल्द ही वे अपने पिता स्वर्गीय अश्विनी कुमार महतो के नाम पर एक म्यूजियम की नींव रखने जा रहे है जो झारखंड के साथ पूरे देश भर के लिए एक चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के लिए बता दे की विदेश से भी मेहमान मनीष कुमार महतो के पास उनके गांव की खूबसूरती एवं उनके कला के हुनर को सम्मानित करने आते रहते हैं । मनीष कुमार महतो ने कम समय में ही अपने साथ सैकड़ो कलाकारों के टीम खड़ी कर ली है । उनका लक्ष्य यही तक सीमित नहीं आगे भी वह और युवाओं को कला के प्रति प्रेरित करते रहेंगे।

# सदर अस्पताल में हृदय रोग से पीड़ित 305 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग

### 101 बच्चों को सर्जरी की जरूरत

संवाददाता

**रांची:** जिले के सदर हॉस्पिटल में हुए एक स्पेशल स्क्रीनिंग कैंप में राज्य भर से जन्मजात दिल की बीमारी वाले 305 बच्चों की स्क्रीनिंग हुई। यह स्क्रीनिंग गिफ्ट ऑफ लाइफ प्रोग्राम के तहत की गई। इनमें से 101 बच्चों की पहचान ऐसे बच्चों के तौर पर हुई जिन्हें तुरंत सर्जरी की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि के सयुंक्त तत्वावधान में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सदर अस्पताल रांची में किया गया। जिसका रविवार को समापन हो गया। शिविर की स्क्रीनिंग के बाद जिन 101 बच्चों में ऑपिरेशन जरूरी बताया गया है, उनका ऑपरेशन अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि में निःशुल्क किया जाएगा।

**कुल 305 बच्चों की हुई मेडिकल स्क्रीनिंग:** पहले दिन कुल 170 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिनमें से 146 का स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ। इन 146 में से 59 को




सर्जरी की सलाह दी गई। रविवार 159 बच्चों की स्क्रीनिंग हुई, जिनमें से 42 बच्चों का ऑपरेशन जरूरी बताया गया। अब इन सभी 101 बच्चों को अमृता हॉस्पिटल कोच्चि भेजा जाएगा। जहां उनकी पूरी तरह निःशुल्क हृदय रोग से संबंधित सर्जरी की जाएगी।

**सदर अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन:** गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल रांची में आयोजित बच्चों में जन्मजात हृदय रोग स्क्रीनिंग के दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि अमृता हॉस्पिटल के सहयोग से एक साथ 300 से ज्यादा बच्चों की स्क्रीनिंग हुई है, जिसमें 101 बच्चों को ऑपरेशन के लिए अमृता हॉस्पिटल भेजा जाएगा। सभी चिकित्सकों को धन्यवाद दिया गयाः सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार के द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु अमृता हॉस्पिटल कोच्चि के सभी चिकित्सकों को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तर से राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक समेत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शी मुकेश कुमार मौजूद रहे। अमृता हॉस्पिटल के चिकित्सकों डॉ आर कृष्ण कुमार, एचओडी पीडिआट्रिक कार्डियोलॉजी, अमृता हॉस्पिटल कोच्चि, डॉ ब्रजेश पीके,डॉ निशांत, डॉ अमित कुमार पाण्डेय, अमृता हॉस्पिटल कोच्चि के द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग एवं आवश्यक जांच की गई।

# स्कूलों से हटाया जाएगा अतिक्रमण, इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत, उपायुक्त के सख्त निर्देश

**रांची:** विद्यालयों की भूमि एवं भवनों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीर मुद्दा मानते हुए रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया है कि संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्याप्त पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

समाहरणालय सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि विद्यालय परिसरों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्राथमिकता में शामिल है और सभी अंचल अधिकारी इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करें।

बैठक के दौरान राज्य स्तर से प्राप्त जिले की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समीक्षा में पाया गया कि केवल 76 प्रतिशत शिक्षक ही ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी शिक्षक प्रतिदिन अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करें, अन्यथा वेतन निर्गत नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों से स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

छात्र उपस्थिति में सुधार के निर्देशः विद्यालयों द्वारा केवल 54 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी में दर्ज की जा रही है। उपायुक्त ने इसे गंभीर मानते हुए सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया। अनुपालन नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन स्थगित किया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रॉंची पूर्व,रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

T. Reference No. :- S/R -02/2026-27 Date 11.04.2026

| Si. No. | Name of Work | GROUP NUMBER | Estimated Cost (LAKH.) | Bid Security | Cost of BOQ (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of Defunct T/W of 125mm X 115mm X70 mtr. & 90 mtr. Deep (Av.) Drilled Tube well complete with installation of India Mark -II H.P. with 32mm dia Medium Class G.I. Riser pipe DTH Rig Machine with 1200 blue UPVC casing Pipe including Platform & Drain Etc. | Group No. SR/RE/70mtr-01 (16Nos.) | 14.48032 | 29000.00 | 2500.00 |
| | | Group No. SR/RE/90mtr-02 (22 Nos.) | 22.59180 | 45200.00 | 5000.00 |
| 2. | Time of Completion | 45 Days | | | |
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 16.04.2026/04.00 PM. | | | |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 16.04.2026/04.00 PM. | | | |
| 5 | Bid Submission Start Date | 16.04.2026/04.00 PM. | | | |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 22.04.2026/04.00 PM. | | | |
| 7 | Bid Submission End Date | 22.04.2026/04.00 PM. | | | |
| 8 | Date of Opening of Tender | 24.04.2026/11.00 AM. | | | |
| 9 | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11 | Contact No. Of Procurement Office | 0651-3560890 | | | |

नोटः–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

PR 377310 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमण्डल, रॉंची

निविदा आमंत्रण सूचना सं0.:– 02/2026-27 (Group-B)

1. विज्ञापनदाता का नाम –कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमण्डल, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- 18.04.2026 to 22.04.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.05.2026 अपराह्न 3:30 बजे तक
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय :–04.05.2026 अपराह्न 4:00 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमण्डल, रॉंची। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, नार्थ ऑफिस पाड़ा, डोरण्डा, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविद खोलने वाले पदा0. :- (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकाय प्रमण्डल, रॉंची।
8. कार्य का विवरण:

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) (वापसी नहीं होगी) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Emergent repair & replacement of 42" dia lead jointed C.I pipe by M.S pipe & special at Jumar bridge River side under D.W & S. S/R Head works division, Ranchi. For the year 2022-23. | 10.01715 | 20100.00 | 2500.00 | 30 days | उचित श्रेणी |
| 2 | Special repairing and up-grading of 900mm dia C.I in 2nd phase pipe line, Fish market Rukka More near Shantivan Restaurant under D.W. & S. Swarnrekha Headworks Division, Ranchi for the year 2025-26 | 23.41856 | 46900.00 | 5000.00 | 45 days | उचित श्रेणी |
| 3 | Estimate of special emergent repair of 1050mm/42" dia UGR line & Constructing pipe supporting column base and earth filling at Rendo, Sukurhuttu. | 8.68179 | 17400.00 | 1250.00 | 30 days | उचित श्रेणी |

नोटः–1. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
2. परिमाण विपत्र क्रय हेतु Executive Engineer, D.W.&.S. Swarnrekha Headworks Division, Ranchi के नाम से DD द्वारा स्वीकार किया जायेगा।
3. नियम एवं शर्तों के लिये वेबसाइट www.jharkhand.gov.in
4. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
5. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश / परिपत्र लागू होंगे।
6. उपरोक्त कार्य पर Jharkhand Procurement Policy लागू होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
शीर्षकार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR 377267 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

बाल संरक्षण व दिव्यांगता पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शिविर

# मिशन वात्सल्य को प्रभावी बनाने की अपील



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** झारखंड में बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने और समावेशी देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इसके तहत 'बाल संरक्षण एवं दिव्यांगता की समझ' विषयक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन 9 से 11 अप्रैल तक किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन झारखंड स्टेट चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी द्वारा यूनिसेफ (झारखंड) और केएचएसआईए के सहयोग से किया गया।

झारखंड स्टेट चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के निदेशक विजय सिन्हा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए खामियों की पहचान कर ठोस कार्ययोजना तैयार कर राज्य सरकार के साथ साझा करना आवश्यक है।

यूनिसेफ झारखंड की फील्ड ऑफिस प्रमुख डॉ। कनिनिका मित्रा ने बाल संरक्षण से जुड़े जटिल मुद्दों से निपटने में संवेदनशीलता और समयबद्धता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर क्षमता निर्माण अत्यंत जरूरी है। ताकि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे। समावेशी बाल संरक्षण विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

यूनिसेफ की चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट प्रीति श्रीवास्तव तथा केएचएसआइए की संगीता भाटिया ने प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। तीन दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने बाल संरक्षण एवं जेजे अधिनियम, मिशन वात्सल्य, देखभाल एवं संरक्षण के संदर्भ में दिव्यांग बच्चों की स्थिति, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप और आफ्टर-केयर जैसे परिवार-आधारित देखभाल तंत्र, बाल यौन शोषण एवं पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह और पीसीएमए 2006 के तहत बाल विवाह निषेध अधिकारियों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन सत्रों में भाग लिया। विशेषज्ञों ने संस्थागत देखभाल से बाहर लाने और परिवार-आधारित विकल्पों को सुदृढ़ करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण के संदर्भ में दिव्यांगता के समावेशन पर विशेष ध्यान दिया गया। सत्रों में दिव्यांगता की अवधारणाओं, मिथकों और सामाजिक पूर्वाग्रहों को संबोधित करते हुए चिकित्सा मॉडल से अधिकार-आधारित और सामाजिक मॉडल की ओर बदलाव पर बल दिया गया।

विशेष सत्रों में दिव्यांगता और बाल संरक्षण के अंतसंबंध, दिव्यांगता के प्रकार, दिव्यांग बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियां, बधिर बच्चों में भाषा अभाव पर व्यावहारिक मार्गदर्शन, शीघ्र पहचान और संचार के महत्व, भारतीय सांकेतिक भाषा सीखने की आवश्यकता, समावेशी शिक्षा, पहचान एवं रेफरल प्रणाली, तथा यूडीआईडी कार्ड जैसी सुविधाओं तक पहुंच पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को जुवेनाइल जस्टिस प्रणाली के अंतर्गत बाल संरक्षण प्रणाली सुदृढ़ीकरण के मानक और दिव्यांगता-संवेदनशील केस मैनेजमेंट टूल्स से भी परिचित कराया गया।

इस प्रशिक्षण में नेशनल एसोसिएशन ऑफ द डेफ की विशेषज्ञ सुश्री रितु पांडा, आस्था के राकेश कुमार, केएच एस की निदेशक शबीना बानो, इंक्लूसिव डेवलपमेंट एंड एंगेजमेंट की निदेशक डोरोडी शर्मा, संगीता भाटिया, जेएससीपीएस के कंसल्टेंट श्री शरद, यूनिसेफ झारखंड की चाइल्ड प्रोटेक्शन विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव तथा यूएनवीए गौरव ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। समापन सत्र में डीडब्ल्यूसीडी के उप सचिव श्री विकास ने कार्यक्रम के समयबद्ध क्रियान्वयन और व्यय की नियमित निगरानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिलों में फोस्टर केयर और आफ्टरकेयर की कवरेज बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें।



## सऊदी अरब में जॉब चाहिए? इन तरीकों से चुटकियों में मिल जाएगी नौकरी

सऊदी अरब भारतीयों के बीच नौकरी के लिए एक पॉपुलर देश है। यहां पर 24 लाख से ज्यादा भारतीय रह रहे हैं। हर साल भारत से हजारों की संख्या में लोग खाड़ी के इस देश में काम करने के लिए जाते हैं। सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था तेल पर निर्भर है और जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा तेल से होने वाली आय है। इसके अलावा इस रेगिस्तानी देश ने अब टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और इंटरटेनमेंट जैसे सेक्टर्स पर भी ध्यान देना शुरू किया है, ताकि तेल से निर्भरता कम हो सके।

सऊदी सरकार के इन हालिया फैसलों की वजह से यहां नौकरियों की भरमार है। आप चाहें कंस्ट्रक्शन वर्कर्स हों या फिर सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सऊदी अरब में इन दिनों हर किसी को नौकरी दी जा रही है। सबसे अच्छी बात ये है कि सऊदी अरब में किसी तरह का टैक्स सिस्टम नहीं है, जिस वजह से वर्कर्स को उनकी पूरी सैलरी मिलती है। हालांकि, अब यहां सवाल उठता है कि अगर किसी को सऊदी में जॉब चाहिए तो उसे ये किस तरह मिलेगी। खाड़ी के इस देश में नौकरियों के अवसर तो हैं, लेकिन आपको मालूम होना चाहिए आप किस तरह से इनका फायदा उठा सकते हैं। यहां हर बड़ी कंपनी धीरे-धीरे अपना दफ्तर भी खोल रही हैं, जिससे नौकरियां पैदा हो रही हैं। सऊदी में नौकरी पाने के चार मुख्य तरीके हैं

### ऑनलाइन जॉब पोर्टल

GulfTalent, Bayt, Naukrigulf जैसे ऑनलाइन जॉब पोर्टल पर आपको सऊदी अरब की कंपनियों की वैकेंसी की डिटेल्स मिल जाएंगी। यहां से आप सीधे नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सऊदी में नौकरी के लिए LinkedIn भी अच्छा प्लेटफॉर्म है।

### रिक्रूटमेंट एजेंसी

भारत में कई सारी रिक्रूटमेंट एजेंसी ऑपरेट कर रही हैं, जो सऊदी अरब की कंपनियों के लिए लोगों को हायर करती हैं। राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई तक में इन रिक्रूटमेंट एजेंसियों के ऑफिस हैं, जहां से आप नौकरी से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। ये एजेंसियां आपसे कुछ पैसे भी चार्ज करेंगी।

### कंपनी वेबसाइट्स

सऊदी अरब की कंपनियों की अपनी वेबसाइट्स होती हैं, जहां पर वैकेंसियों की डिटेल्स अपलोड की जाती हैं। आप जिस कंपनी में नौकरी करना चाहते हैं, उसकी वेबसाइट पर जाकर नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### नेटवर्किंग

LinkedIn जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए आप उन लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं, जो पहले ही सऊदी अरब में जॉब कर रहे हैं। नेटवर्किंग कर आप उनसे उनकी कंपनी में निकलने वाली वैकेंसी के बारे में जान सकते हैं। अगर वो आपको रेफरल दे देते हैं, तो फिर आपके लिए जॉब पाना आसान हो जाएगा।





# इवेंट मैनेजमेंट में बनाएं करियर

**आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं।**

आज हर इवेंट की पहली मांग ग्लैमर और स्टाइल है। शादी समारोह हो या गेट-टुगेदर, ऑफिस की पार्टी हो या घर का कोई फंक्शन, इवेंट मैनेजर के बिना ये सारे समारोह सही तरीके से ऑर्गेनाइज नहीं हो सकते। हर इवेंट को बिल्कुल सही तरह से ऑर्गेनाइज करने का जिम्मा इवेंट मैनेजर कंधों पर होता है। आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको क्या करना होगा।

### इवेंट मैनेजर का काम क्या है

इवेंट मैनेजर प्रोफेशनल, फोकस्ड और पर्सनल इवेंट्स ओर्गेनाइज करते हैं। जिसमें कॉरपोरेट मिटिंग्स, सेमिनार, प्रॉडक्ट् लॉन्चिंग, मैरिज सेलिब्रेशन, फिल्म अवार्ड फंक्शन, थीम पार्टीज, फैशन और सेलिब्रिटी शो, एग्ज़ीबिशन, म्यूजिकल कॉन्सर्ट आदि शामिल हैं।

### इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करवाने वाले प्रमुख संस्थान-

- अमेठी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- एकैडमी ऑफ एनिमेशन आर्ट एंड टेक्नोलॉजी, कोलकाता
- इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ एज्युकेशनल लीडरशीप, देहरादून
- अजमेर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मीडिया स्टडीज़, बरेली
- एकैडमी ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग, चंडीगढ़

### क्वालिफिकेशन

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपका 12वीं पास होना बहुत जरूरी है। 12वीं के बाद आप इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर सकती हैं।

### कोर्सेस उपलब्ध हैं

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में करियर बनाना है तो आप डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट एंड पब्लिक रिलेशन्स जैसे कोर्स (इंटीरियर डिजाइनर कोर्स से जुड़ी बातें) कर सकते हैं।

### क्वालिटी क्या होनी चाहिए

परफेक्ट प्लानिंग, गुड कम्युनिकेशन स्किल, गुड पब्लिक रिलेशनशीप, बेहतर बजटिंग, प्रेजेंटेशन स्किल, लीडरशीप क्वलिटी, नॉलेज, अच्छी कल्पना शक्ति, ज्यादा समय तक काम करने की क्षमता, मार्केटिंग और बिजनेस क्षेत्र की कुशल जानकारी होना बहुत जरूरी है।

### जॉब की संभावनाएं

- इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में आप एक इवेंट मैनेजर या कंसल्टेंट के तौर पर जॉब कर सकती हैं।
- आप अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी भी खोल सकती हैं।
- टेलीविजन शोज और एड फील्ड से जुड़कर उनके प्रॉडक्ट के लिए काम कर सकती हैं।

इवेंट इंडस्ट्री में फंडिंग बहुत ही जरूरी होती है। पैसों की कमी के कारण आप कुछ क्रिएटिव नहीं कर पाएंगी और ना ही इवेंट के लिए जरूरी साजों-सामानों की व्यवस्था कर पाएंगी। इसलिए आपके पास अच्छा बजट होना बहुत जरूरी है। ताकि आप अपना बिजनेस शुरू कर सकें।

### नेटवर्किंग स्किल का होना

इवेंट मैनेजमेंट का काम एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता। इसके लिए आपको एक टीम के साथ काम करना होता है। इवेंट स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों के साथ आपकी अच्छी जान पहचान होनी चाहिए। आपका नेटवर्क मजबूत होना चाहिए, ताकि आपको किसी भी तरह के समान की जरूरत पड़ने पर वह आपको तुरंत मिल जाए।

### मार्केटिंग बहुत जरूरी

इवेंट मैनेजमेंट सिर्फ एक ऑर्गेनाइजिंग इवेंट नहीं होता, बल्कि इसके लिए प्लानिंग प्रोसेस में टाइम और मार्केटिंग अहम होती है, जो इवेंट को सफल बनाते हैं। अपने इवेंट को सफल बनाने के लिए आपको सोशल मीडिया का सहारा लेना होगा और उसपर भी मार्केटिंग करनी होगी। मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म है।

### सैलरी कितनी

इस क्षेत्र में महीने की सैलरी के अलावा प्रति इवेंट के हिसाब से भी सैलरी दी जाती है। मैनेजमेंट कोर्स कंपलीट करने के बाद फ्रेशर्स की कमाई कम से कम पांच सौ से एक हजार रुपए प्रतिदिन होती है। अपने अनुभव और क्रिएटिविटी के आधार पर आप आठ हजार से दस हजार रुपए तक प्रति इवेंट कमा सकती हैं। इस क्षेत्र में ज्यादा अनुभव हो जाने पर आप पचास हजार से एक लाख रुपए प्रति इवेंट कमा सकती हैं।








# अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर

भारत का नाम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विश्व के उन चंद गिने-चुने देशों में शामिल है जिनके स्वदेशी क्षमता से बने उपग्रह अंतरिक्ष में चक्कर काट रहे हैं। इसके साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने दुनिया से एक कदम आगे बढ़ाते हुए दूसरे देशों को अपनी प्रतिभा बेचना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में इस क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर बने हैं। दरअसल भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में थोड़े समय में जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह बेमिसाल हैं। आज भारत का इनसेट, संचार, मौसम विज्ञान और प्राकृतिक आपदा संबंधी पूर्वानुमान लगाने की अनोखी क्षमता रखता है। आज इस तकनीकी पर दुनिया के कई देश निर्भर हैं। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित तमाम गतिविधियों का संचालन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन करता है। जिसका मूल उद्देश्य विभिन्न उपयोगों के लिए उपग्रह संचार प्रणाली कायम करना है। इसका कार्य उपग्रह आधारित प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी व्यवस्था उपलब्ध करवाना, मौसम विज्ञान संबंधी और प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी देने वाली प्रणाली स्थापित करना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थी के लिए इस क्षेत्र में कई दरवाजे खुले हैं। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग इंस्टमेटेंशन, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी, एयर कंडीशनिंग और इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के डिप्लोमा या सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में विज्ञान के छात्र ही प्रवेश ले सकते हैं। साथ ही स्तानक में कम से कम 60 प्रतिशत अंक होने जरूरी हैं। इस पाठ्यक्रम के लिए फिजिक्स और केमेस्ट्री के छात्रों को वरीयता दी जाती है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हर साल संयुक्त परीक्षा का आयोजन करता है। इसकी परीक्षा दिल्ली, बैंगलौर, आंध्र प्रदेश और अहमदाबाद में होती है। परीक्षा का आयोजन सिर्फ अंग्रेजी माध्यम से किया जाता है। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके अलावा कुछ प्रश्न क्रिएटिव भी होते हैं। इस परीक्षा में सफल उम्मीदवार को सीधा दाखिला मिल जाता है। इस क्षेत्र में जहां तक नौकरी मिलने का सवाल है तो पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी के भाग्य का दरवाजा खुद ब खुद खुल जाता है। अंतरिक्ष विभाग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों के अलावा कुछ भारतीय उद्योगों में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, वायुमंडलीय विज्ञान, रासायनिक इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी, नियंत्रण प्रणाली, पावर सिस्टम सुदूर संवेदन में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

### इन संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान पाठ्यक्रम में पढ़ाई की जा सकती है

- प्रशिक्षण संस्थान भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद।
- अंतरिक्ष भौतिक प्रयोगशाला, तिरूअनंतपुरम।
- अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद।
- इसरो उपग्रह केंद्र, बैंगलौर।
- राष्ट्रीय स्ट्रैटोस्फीयर ट्रोपोस्फीयर रडार सुविधा गंडकी, तिरूपति।





**विदेश में पढ़ाई करना महंगा होता है, जिस वजह से छात्रों को पार्ट-टाइम जॉब करनी पड़ती है। कुछ देशों में पार्ट-टाइम जॉब से लाखों रुपये महीने तक कमाए जा सकते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में तो पार्ट-टाइम जॉब काफी ज्यादा पॉपुलर है।**

# क्या स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ पार्ट-टाइम जॉब करनी चाहिए

यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करना महंगा होता है, अगर आप किसी दूसरे देश में जाकर पढ़ रहे हैं तो खर्च और भी ज्यादा बढ़ जाता है। दुनियाभर में रहने-खाने का खर्च भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए पार्ट-टाइम जॉब करना एक अच्छा ऑप्शन नजर आता है। छात्रों को अपने खर्चे निकालने, ट्यूशन फीस भरने या कुछ एक्स्ट्रा पैसे के लिए काम करने की जरूरत पड़ती है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक जैसे देशों में पार्ट-टाइम जॉब की इजाजत है।

हालांकि, हर देश में पार्ट-टाइम जॉब करने की अवधि तय है। भले ही नौकरी करने की कोई भी वजह हो, लेकिन इसकी वजह से आपको फायदा जरूर मिलता है। ना सिर्फ आप अच्छे पैसे कमा पाते हैं, बल्कि नेटवर्किंग का भी ऑप्शन मिलता है। मगर इसका नुकसान भी है, जैसे बहुत से स्टूडेंट्स पार्ट-टाइम जॉब की वजह से अपनी पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाते हैं।

### पार्ट-टाइम जॉब के फायदे

**पैसा कमाने का मौका** - पार्ट-टाइम नौकरी करने का सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि आपके पास एक्स्ट्रा पैसे होंगे। आजकल महंगाई इतनी बढ़ गई है कि स्टूडेंट्स के लिए अपने खर्चे चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पार्ट-टाइम जॉब आपको आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करा सकती है। पार्ट-टाइम जॉब से आप घूमने जा सकते हैं, अपने लिए कुछ खरीद सकते हैं या भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं।

**CV को बेहतर बनाना** - यूनिवर्सिटी में पार्ट-टाइम जॉब करने से आपको वर्क एक्सपीरियंस मिलता है। इससे आपकी ष्टङ्क बेहतर बनती है और आपको नौकरी मिलने में आसानी होती है। आप टीम में काम करना, बात करना और प्रॉब्लम सॉल्व करना सीखते हैं। ये सब चीजें आपको नौकरी के लिए एक अच्छा उम्मीदवार बनाती हैं। पार्ट-टाइम जॉब से आपको कमाई के साथ वर्क एक्सपीरियंस मिलता है।

**नए दोस्त बनाने का ऑप्शन** - दुनिया के किसी दूसरे हिस्से में पढ़ने जाने पर अपने घर-परिवार से दूर होना पड़ता है। पार्ट-टाइम जॉब आपको नए लोगों से मिलने का मौका देती है। इससे आप नए दोस्त बना सकते हैं, अलग-अलग संस्कृतियों के बारे में जान सकते हैं और यूनिवर्सिटी के बाहर भी अपना नेटवर्क बना सकते हैं।

**नेटवर्किंग का मौका** - पार्ट-टाइम नौकरी करने से आप सिर्फ दोस्त ही नहीं बनाते, बल्कि ऐसे लोगों से भी मिल सकते हैं जो आपको सलाह और मदद दे सकते हैं। आप अपना प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते हैं। इससे आपको इंटर्नशिप, मेंटरशिप और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**ज्यादा कॉन्फिडेंट बनना** - पार्ट-टाइम नौकरी करने के लिए आपको टाइम मैनेजमेंट और ऑर्गनाइजेशनल स्किल्स की जरूरत होती है। काम और पढ़ाई को एक साथ करने के लिए आपको अपनी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देना और अपने समय का सही इस्तेमाल करना सीखना होगा। जब आप काम और पढ़ाई को सफलतापूर्वक बैलेंस कर पाएंगे, तो आपको बहुत अच्छा लगेगा।

### पार्ट-टाइम जॉब के नुकसान

**स्ट्रेस लेवल बढ़ना** - पार्ट-टाइम नौकरी करने से आपकी जिंदगी में तनाव बढ़ सकता है। काम, पढ़ाई और एग्जाम को एक साथ मैनेज करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन आप टाइम मैनेजमेंट सीखकर अपने स्ट्रेस लेवल को कम कर सकते हैं।

**सोशल लाइफ के लिए कम समय** - कई पार्ट-टाइम नौकरियों में अजीब समय पर काम करना पड़ता है। इससे आपकी यूनिवर्सिटी लाइफ प्रभावित हो सकती है। आपके पास कैंपस में होने वाली एक्टिविटीज में भाग लेने या दोस्त बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं होगा।

**पढ़ाई का बाधित होना** - कई बार ऐसा भी होता है कि पार्ट-टाइम जॉब्स की टाइमिंग रात में होती है, जिस वजह से बहुत से छात्र दिन में क्लास नहीं अटेंड कर पाते हैं। ऐसा होने पर उनकी पढ़ाई बाधित होने लगती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2026 शुरू

# एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए: डीसी

संवाददाता

**दुमका:** सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार तथा राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार इंडोर स्टेडियम, दुमका में जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2026 के 21 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में सभी बीआरपी एवं सीआरपी को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर आयोजित 16 दिवसीय गतिविधियों के अंतर्गत वे अपने-अपने आवंटित विद्यालयों का नियमित भ्रमण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए।

साथ ही उन्होंने विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान स्वयं भोजन की गुणवत्ता की जांच कर सुनिश्चित करें कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त हो रहा है।



कार्यक्रम में जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने अपने संबोधन में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सभी मिलकर उसका समाधान करें। इस अवसर पर सभी को यह शपथ भी दिलाई गई कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहेगा तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने उपस्थित सभी अतिथियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए इसे सफल बनाने हेतु मूल मंत्र दिया–

**पढ़ेगा झारखंड, तभी तो आगे बढ़ेगा झारखंड**

इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, साथ ही जिला स्तर से अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर उपस्थित रहे।

## नगर निगम में सफाई मित्र के निधन पर शोक सभा



**देवघर:** देवघर नगर निगम के सफाई मित्र बरसाती छपरा के देहांत पर शनिवार को निगम कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सहित निगम के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि बरसाती छपरा अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित एवं कर्मठ कर्मचारी थे, जिनकी सेवाएं हमेशा याद रखी जाएंगी।

नगर निगम परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल दें।

## थाना दिवस पर दो मामले का हुआ निष्पादन

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा:** जिले में लगातार बढ़ रहे भूमि विवादों पर नियंत्रण और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर सभी थानों में अंचलाधिकारी के सहयोग से नियमित रूप से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को राधानगर थाना परिसर में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के दौरान क्षेत्र के कई लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर थाना परिसर पहुंचे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निष्पक्ष जांच किया गया। थाना दिवस में कुल दो मामले सामने आए, जो



मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित थे। अधिकारियों ने सभी मामलों की ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं की त्वरित सुनवाई कर उनका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में अब लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से ऐसे मामलों के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौके पर अंचल निरीक्षक मो। यूसुफ, उप निरीक्षक दारा पासवान, एसआई गंगा प्रसाद सहित व अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण

## आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन शीघ्र कराने का निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय चांदवासी तथा आंगनवाड़ी केंद्र सहराजढाब का भ्रमण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा की।आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी लाभुकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।इसके पश्चात



उन्होंने अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय चांदवासी का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक व आवासीय सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र सहराजढाब में बिजली कनेक्शन नहीं होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को शीघ्र विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। ताकि बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर सेवाएं मिल सकें।उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरीक्षण के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

## जयंती पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा:** वीर शहीद सिदो-कान्हो के जयंती के अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओ द्वारा नगर अध्यक्ष धर्मबीर कुमार महतो के नेतृत्व मे दिग्गी चौक स्थित सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।झामुमो नगर अध्यक्ष ने शहीदों को नमन करते हुए माल्यार्पण किया और कहा कि वीर शहीद सिद्धू कान्हू का जन्मदिवस झामुमो लगातार मनाता आया है। आज वीर शहीद सिद्धू कन्हू के कृत्यों पर सिर्फ झारखंड को ही नही बल्कि पूरे देश को गौरव है।साथ ही झामुमो नगर उपाध्यक्ष जहरूल शेख ने कहा कि अमर वीर शहीद सिद्धू कान्हू का जन्म भोगनाडीह गाँव मे हुआ था,जो कि वर्तमान में झारखण्ड राज्य के साहेबगंज जिला में है।भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध सर्वप्रथम विद्रोह संथाल विद्रोह में इन्होंने अग्रिम भूमिका निभाई थी। करो या मरो अंग्रेजो हमारी माटी छोड़ो का नारा भी इन्होने दिया था।इन्होंने 10000 संथाल आदिवासियों को लेकर 30 जून 1855 में तीर धनुष के सहारे अंग्रेजो पर हमला कर ब्रिटिश सरकार की जड़ हिला दी थी जिसकी पुष्टि पाकुड़ का ऐतिहासिक माटीली टावर करता है। गौरतलब हो की अंग्रेजो ने इस टावर का निर्माण संथाल एवं आदिवासियों से बचने एवं छिप कर वार करने के लिए करवाया था।जहां इन्होंने आपने साहस,आंतरिक बल आदम्य परिचय दिया था।

# खरीफ 2026-27 को लेकर बीज आवश्यकता का आकलन बैठक आयोजित

संवाददाता

**साहिबगंज:** जिला कृषि पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में आत्मा सभागार साहिबगंज में खरीफ 2026-27 फसल हेतु बीज आवश्यकता के आकलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के अनुज्ञप्तिधारी निजी बीज विक्रेताओं किसान उत्पादक संगठन संचालकों लैम्पस पैक्स प्रतिनिधियों एवं पलाश महिला समूहों के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक के दौरान खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों के लिए बीज की आवश्यकता का विस्तृत आकलन किया गया। बीज विक्रेताओं द्वारा अनुदानित दर पर वितरण हेतु अपनी मांग प्रस्तुत की



गई। जिसमें मुख्य रूप से धान मक्का अरहर मूंग मोटे अनाज के बीज शामिल हैं। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, कुल 5000 क्विंटल धान बीज की आवश्यकता चिन्हित की गई है। विदित हो कि पूर्व में सकरोगढ़ पोखरिया नोडल लैम्पस के माध्यम से जिले के सभी लैम्पस एवं पैक्स द्वारा बीज विनिमय व वितरण योजना के तहत 50% अनुदान पर बीज का वितरण किया जाता रहा है। इस वर्ष इस व्यवस्था का विस्तार करते हुए निजी बीज विक्रेताओं एफपीओ और पलाश महिला समूहों को भी जोड़ा गया है। ताकि अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में सभी प्रखंडों के निजी बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया गया। वे सरकारी बीज वितरण के लिए आपूर्तिकर्ता कंपनियों जैसे एन एस सी,एच आईएल ,एनसीसीएफ आदि से डीलरशिप प्राप्त करें। साथ ही, बीज क्रय हेतु आवश्यक धनराशि की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिससे समय पर बीज आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 20 मई 2026 से खरीफ बीज वितरण प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि बीज वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु ब्लॉकचेन प्रणाली के माध्यम से ही वितरण सुनिश्चित किया जाए।बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी जिला योजना और मूल्यांकन पदाधिकारी उप परियोजना निदेशक, आत्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा में शामिल हुए प्रेम लाल मंडल

संवाददाता

**साहिबगंज:** वाराणसी शहर मे अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड की धमक,प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने किया राष्ट्रीयपदाधिकारियों का सम्मान ?वाराणसी शहर के बीचों बीच परमानंदपुर रॉयल ग्रीन गार्डन शिवपुर वाराणसी स्थित में 11 अप्रैल, 2026 को ?उत्तर प्रदेश की धार्मिक स्थल काशी विश्वनाथ मंदिर के धरती पर सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी के रॉयल ग्रीन गार्डन शिवपुर में 'अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा' की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक का भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम के प्रथम दिन झारखंड प्रदेश की ओर से समाज की एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली।?राष्ट्रीय नेतृत्व का भव्य अभिनंदन ?महासभा के झारखंड प्रदेश




अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज के शीर्ष नेतृत्व को सम्मानित किया।श्री मंडल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह एवं फूल के गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।वाराणसी अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड की धमक झारखंड प्रदेश अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने किया राष्ट्रीय पदाधिकारियों का फूल के गुलदस्ता देकर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदामा प्रसाद अकेला,नेशनल जनरल सेक्रेटरी आरएस कनौजिया,राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नर्मदा वर्मा,नेशनल कन्वेनर यात्रम वेंकट रेड्डी,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सदानंद पटेल,शनिवार को प्रमुख विचार और चर्चा ?समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण और समाज के विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई।दिनभर चले सत्रों में प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल और अन्य वक्ताओं ने कुर्मी समाज का एकीकरण और विखंडन को रोकने जैसे ज्वलंत विषयों पर अपने विचार साझा किए। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने जोर देकर कहा कि झारखंड का हर कुर्मी भाई समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रतिबद्ध है।वहीं राष्ट्रीय अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के महासचिव आर एस कनौजिया ने प्रेस को बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उपदेश पूरे भारत वर्ष के कन्या कुमारी से लेकर काश्मीर तक के महिलाओं को सशक्तिकरण करना हे ओर राजनीतिक जागरूक बना मेरा लक्ष्य हे कुर्मी समाज का विकास हो शिक्षा में लोग आगे बढ़े भारत के प्रधानमंत्री से लेकर उच्च राजनीतिक क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित हो कुर्मी समाज के लोग।वहीं सुमति रेड्डी,ने कहा कि समाज की गौरवगाथा और लोक संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।?महासभा का संकल्पः ₹संगठन की मजबूती और आपसी भाईचारे से ही हम सामाजिक और राजनैतिक रूप से एक बड़ी शक्ति बन सकते हैं।?यह बैठक कल 12 अप्रैल को भी जारी रहेगी।जिसमें संगठन के विस्तार और भविष्य की रणनीतियों पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी।मौके पर भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदामा प्रसाद अकेला,नेशनल जनरल सेक्रेटरी आरएस कनौजिया,राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष ? नर्मदा वर्मा,नेशनल कन्वेनर यात्रम वेंकट रेड्डी,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सदानंद पटेल,सुमति रेड्डी,झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह,मीडिया प्रभारी झारखंड ओर अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### एसकेएमयू ने जारी किया परीक्षा परिणाम

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका द्वारा स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर-2, परीक्षा-2025 (सत्र 2024-26) का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा फरवरी 2026 में आयोजित की गई थी। जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस परीक्षा में कुल 4346 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 3145 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जबकि 959 विद्यार्थियों को प्रोमोटेड किया गया। इस प्रकार कुल 4104 विद्यार्थी (उत्तीर्ण एवं प्रोमोटेड) घोषित किए गए हैं। समग्र रूप से परीक्षा का कुल परिणाम 94 ।43 प्रतिशत रहा।

संकायवार परिणाम इस प्रकार है—

मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए):
कुल 2983 में से 2258 उत्तीर्ण, 569 प्रोमोटेड, कुल 2827 (94 ।77%)

मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी):
कुल 1213 में से 783 उत्तीर्ण, 351 प्रोमोटेड, कुल 1134 (93 ।49%)

मास्टर ऑफ कॉमर्स (एमकॉम):
कुल 150 में से 104 उत्तीर्ण, 39 प्रोमोटेड, कुल 143 (95 ।33%)

### एसकेएमयू ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका के परीक्षा विभाग द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार बी ।एड। सेमेस्टर-1 (सत्र 2025-27) की परीक्षा 28 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 तक आयोजित होगी। यह परीक्षा प्रथम पाली (सुबह 10 :00 बजे से 01 :00 बजे तक) में होगी। वहीं बीएड सेमेस्टर-4 (सत्र 2024-26) की परीक्षा भी 28 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 तक आयोजित होगी, जो द्वितीय पाली (02 :00 बजे से 05 :00 बजे तक) में संपन्न होगी। इसी क्रम में एमएड सेमेस्टर-4 (सत्र 2023-25) की परीक्षा 28 अप्रैल 2026 से 2 मई 2026 तक द्वितीय पाली (02 :00 बजे से 05 :00 बजे तक) में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त एमलिस। सेमेस्टर-1 (सत्र 2025-26) की परीक्षा 28 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 तक द्वितीय पाली (02 :00 बजे से 05 :00 बजे तक) में आयोजित होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हों तथा सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### 3.500 ग्राम गांजा के साथ एक महिला गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा पंचगढ़ निवासी लक्ष्मी कुमारी पति अजय कुमार को जिरवाबाड़ी पुलिस ने अवैध रूप से खरीद बिक्री कर रहे 3 ।500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है । इस मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि जिरवाबाड़ी थाना बड़ा पचगढ़ कमरसी स्थित एक महिला के द्वारा अपने घर एवं घर में स्थित दुकान में गांजा का बिकी किया जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा दंडाधिकारी के मौजूदगी में छापेमारी करते हुए लगभग 3 .500 ग्राम गांजा के साथ एक महिला लक्ष्मी कुमारी को गिरफ्तार किया गया पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया । छापेमारी दल में दंडाधिकारी के रूप में अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू,जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह सब इंस्पेक्टर पंकज वर्मा,एएसआई विक्रम कुमार संजय कुमार सुबोध यादव अरुण कुजूर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### वीर शहिदों के बलिदान की नींव पर टीका है विकसित झारखंड का सपना: विधायक

**साहिबगंज/राजमहल :** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने संताल हूल के महानायक वीर सिद्धो-कान्हू की जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सिद्धो-कान्हू केवल नाम नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध अडिग, साहस और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। दिन हमें उनके द्वारा दिखाए गए 'हूल' क्रांति के मार्ग और मातृभूमि के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करने का है।हम उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हैं। सिद्धो-कान्हू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि अमर शहीदों का जीवन संघर्षशील रहा था। उनका उद्देश्य जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना था। उन्होंने कहा कि आज के विकसित झारखंड का सपना इन शहीदों के बलिदान की नींव पर ही टिका है। उनकी वीरता हमें शोषण मुक्त समाज बनाने की प्रेरणा देती है। युवाओं से अपील की कि वे इन महानायकों के आर्दशों को अपने जीवन में उतारें।



### जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिद्धो-कान्हो को किया नमन

**साहिबगंज :** संथाल परगना के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक सिद्धो-कान्हो के जन्मदिवस के पावन अवसर पर बरहेट प्रखंड अंतर्गत भोगनाडीह ग्राम एवं पचकठिया स्थित शहीद स्थल में जिला के सभी पदाधिकारियों द्वारा अमर शहिद सिद्धो -कान्हो,चांद-भैरव एवं फूलो- झानो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।



### ट्रेन से चोरी के रुपये व मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**साहिबगंज/बरहरवा :** आरपीएफ ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से चोरी की गई। आठ मंहगे मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया हैं।यह कारवाई आरपीएफ के इस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में मौजुद ऑन ड्यूटी छापेमारी फल व अन्य स्टाफ ने 14004 डाउन नई दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या एनआर 163408 सी में छापेमारी के दौरान किया। मिली जानकारी के मुताबिक आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को शुक्रवार की रात्रि लगभग 08 :55 बजे सक्षम



प्राधिकारी से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस में एक व्यक्ति रेलवे यात्रियों से चोरी किए गए एंड्रॉयड मोबाइल फोन ले कर जा रहा हैं।सुचना के बाद जैसे ही ट्रेन बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर पंहुची तो जांच अभियान के दौरान उक्त ट्रेन के कोच संख्या एनआर 163408 सी से एक युवक के शरीर में पहने हॉफ गंजी में बने पॉकेट में छिपाकर रखे गए रेलवे यात्रियों से चोरी किये गए 08 आठ चोरी के एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए।पूछताछ करने पर उसने अपना नाम इकबाल शेख उम्र 57 वर्ष पिता मेघु शेख,निवासी ग्राम महब्बतपुर थाना कालियाचक जिला मालदा पश्चिम बंगाल बताया तथा यह स्वीकार किया कि उसने उक्त ट्रेन में नई दिल्ली से बरहरवा के बीच यात्रा के दौरान यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी किए थे।उसके पास से विभिन्न कंपनियों के बिना सीम लगे व सीम लॉक वाले कुल 8 महँगी एंड्रॉएड मोबाइल बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित किमत 5,01,992 रुपैया हैं।छापेमारी के बाद गिरफ्तार व्यक्ति को जब्त चोरी के मोबाइल के साथ और संबंधित दस्तावेजों सहित एवं शिकायत पत्र के साथ जीआरपी बरहरवा को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

### मो. दुलारा के साथ मारपीट

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला निवासी मो। दुलारा के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया हैं। मो। दुलारा के पत्नी हसीना खातून ने बताया कि कि दो दिन पूर्व मामा मो। शहजाद ने दारू पीकर मां गुलशन खातून के मारपीट करने का प्रयास कर रहा था रोकने गए तो वह लोग मेरे साथ भी बात करने लगे।सोहेल, शाहरुख, फारूक, सहित अन्य लोगों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया।इसके बाद अपनी शिकायत को लेकर नगर थाना पुलिस के पास पहुंचा ।जहां नगर थाना पुलिस में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# आईपीएल 2026: सीएसके की धमाकेदार वापसी

## सैमसन के शतक से दिल्ली पर 23 रन की जीत

एजेंसी

चेन्नई : आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स ने आखिरकार जीत का खाता खोल लिया है। चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। यह जीत कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के लिए भी बेहद खास रही, क्योंकि उन्हें लगातार तीन हार के बाद पहली सफलता मिली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सबसे बड़ी पारी संजू सैमसन ने खेली, जिन्होंने नाबाद 115 रन बनाकर मैच का रुख तय कर दिया। उनके अलावा युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 59 रन जोड़े, जबकि शिवम दुबे ने तेज 20 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरूआत तेज रही। पथुम निसांका ने 24 गेंदों में 41 रन बनाते हुए आक्रामक अंदाज दिखाया और केएल राहुल के साथ मिलकर पहले पांच ओवर में 61 रन जोड़ दिए।

हालांकि, इसके बाद चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और कुछ ही रनों के भीतर दिल्ली के चार विकेट गिराकर मैच का रुख बदल दिया। मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स ने 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर संघर्ष किया, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।गेंदबाजी में जेमी ओवरटन ने चार विकेट लेकर जीत के हीरो बने, जबकि अंशुल कंबोज ने तीन विकेट झटके। ओवरटन द्वारा स्टब्स का अहम विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

इस जीत के साथ चेन्नई ने अंक तालिका में अपने खाते में दो महत्वपूर्ण अंक जोड़ लिए हैं और टूर्नामेंट में वापसी के संकेत दे दिए हैं।

## मोनिरबा एकादश को हराकर लूकरगंज क्लब बना चैम्पियन

**प्रयागराज :** लूकरगंज क्लब ने मोनिरबा एकादश को 133 रन से हराकर शहीद भगत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया।

लूकरगंज क्लब ने शनिवार को अपने मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 317 रन (गुलशन वर्मा 66, ऋषभ ठाकुर 46, अमन मिश्रा 44, राघवेंद्र श्रीवास्तव 36, कार्तिकेय श्रीवास्तव 34, प्रमोद यादव 31 रन) बनाए। जवाब में मोनिरबा एकादश की टीम 24 ओवर में 184 रन (अनिमेष राजन 57 नाबाद, अरविंद सिंह 27, मयंक चौधरी 18) पर सिमट गई। मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता इमरान अहमद ने पुरस्कार वितरित किया। ऋषभ ठाकुर को मैन ऑफ द मैच, गुलशन वर्मा को बेस्ट बैटर और हंसम जायसवाल को बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। आयोजन सचिव संदीप आर्य ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



मां पूनम सिन्हा ने किया खुलासा

# क्या प्रेग्नेंट हैं सोनाक्षी सिन्हा?

**जब से सोनाक्षी सिन्हा की शादी जहीर इकबाल से हुई है, हर दूसरे महीने उनके प्रेग्नेंट होने की खबर मीडिया में छा जाती हैं। एक बार फिर से उनके प्रेग्नेंट होनी कि अफवाह फैली है। जिस पर उनकी मां पूनम ने रिएक्ट किया है।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्म नहीं, बल्कि उनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ी अफवाहें हैं। हाल ही में उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई, जिस पर अब उनकी मां पूनम सिन्हा ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी है।

'कितनी बार नानी बना दिया'-मां का जवाब हुआ वायरल

एक इवेंट के दौरान बातचीत में पूनम सिन्हा ने इन अफवाहों पर हंसते हुए कहा कि पता नहीं कितनी बार हमें नानी बना दिया। लेकिन चलो, वो खुशी भी हमें जरूर मिलेगी। उनका यह बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

### बेटियों को लेकर कही दिल की बात

पूनम सिन्हा ने इस दौरान बेटियों की अहमियत पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल वह था जब उनके घर बेटी का जन्म हुआ। उनके मुताबिक, बेटियां घर की खुशियों का सबसे बड़ा कारण होती हैं। सोनाक्षी हमारे घर की खुशी है।

### कैसे शुरू हुई प्रेग्नेंसी की चर्चा?

दरअसल, साल 2025 में सोनाक्षी सिन्हा एक इवेंट में रेड आउटफिट में नजर आई थीं। इस दौरान कुछ लोगों को लगा कि वह अपने बेबी बंप को छुपाने की कोशिश कर रही हैं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी की खबरें वायरल होने लगीं। हालांकि, सोनाक्षी और उनके पति जहीर इकबाल ने इन अफवाहों को मजाक में उड़ा दिया।

### सोनाक्षी ने भी दिया था करारा जवाब

इन अफवाहों पर सोनाक्षी ने भी अपने अंदाज में रिएक्ट किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर मजेदार पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि 'मैं 16 महीने से प्रेग्नेंट हूं,' जिससे साफ हो गया कि ये सारी बातें सिर्फ अफवाह हैं।

### लव स्टोरी से शादी तक का सफर

सोनाक्षी और जहीर इकबाल ने करीब 7 साल तक एक-दूसरे को डेट किया और फिर 2024 में शादी कर ली। दोनों की पहली मुलाकात सलमान खान की पार्टी में हुई थी, जहां से उनकी लव स्टोरी की शुरुआत हुई। हाल ही में अदाकार अपने पति के साथ नए फ्लैट में शिफ्ट हुई हैं। सोनाक्षी अपने यूट्यूब चैनल पर डेली रूटीन के साथ-साथ मेकअप टिप्स देती नजर आती हैं।

क्यों 25 साल

# अक्षय और तब्बू ने नहीं किया साथ में काम



**अक्षय** कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव स्टारर फिल्म भूत बंगला का मजेदार और खौफ से भरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म सिर्फ हंसाएगी नहीं, बल्कि रुलाएगी भी। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पूरी टीम को देखा गया, लेकिन अक्षय फटेहाल दिखे। अभिनेता का मानना है कि फिल्म को प्रोड्यूस करने में ऐसे ही कपड़े फट जाते हैं। दरअसल भूत-बंगला को एकता कपूर और अक्षय कुमार दोनों मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता अक्षय कुमार का मस्तीभरा अंदाज देखने को मिला, जहां उन्होंने तब्बू को छेड़ते हुए बताया कि क्यों दोनों ने फिल्म 'हेरा फेरी'' के बाद साथ में काम नहीं किया। इस सवाल का जवाब देते हुए तब्बू ने कहा कि अक्षय मेरी जिंदगी से भूत की तरह गायब हो गए और यही कारण था कि हम साथ में काम नहीं कर पाए, लेकिन अभिनेता बीच में टोकते हुए कहते हैं, 'मैं गायब हो गया, मतलब कुछ भी, भूत नहीं हूं मैं।' अभिनेता आगे कहते हैं, 'हेरा फेरी के बाद ऐसी ही कोई फिल्म नहीं लगी, जिसमें हम दोनों साथ में काम कर सकें। तब्बू अपने कामों में बिजी थी, मैं अपनी फिल्मों में बिजी था और प्रियदर्शन सर पता नहीं कहां बिजी थे, लेकिन भूत बंगला ऐसी फिल्म है, जिसमें लगा कि हम दोनों काम कर सकते हैं। यही हम दोनों के लिए सही फिल्म है। 25 साल में दोनों में आए बदलाव पर बात करते हुए प्रियदर्शन कहते हैं, 'मेरे लिए दोनों में कोई बदलाव नहीं आया है। तब्बू आज भी उतना ही परेशान करती हैं, जितना पहले करती थीं। मैंने उनके साथ 8 फिल्में की हैं। बस इतना फर्क आया है कि दोनों के सिर के बाल सामने से कम हो गए हैं।' तब्बू कहती हैं, 'मेरे लिए अक्षय थोड़े बदल गए हैं, क्योंकि अब वे कम शरारती हो गए हैं, लेकिन फिटनेस के मामले में आज भी बिल्कुल वैसे हैं।' उन्होंने कहा, 'सेट पर लगातार मुझे टोकते थे कि ये नहीं खाना, वो नहीं खाना। ' अक्षय बताते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वो तब्बू को जानते थे और दोनों साथ में स्ट्रगल के दिनों में डांस सीखने के लिए जाया करते थे। अभिनेता बाइक से तब्बू को लेने भी जाते थे।

## 'पैसे वापस ले लीजिए', जब फिल्म फ्लॉप होने के बाद अक्षय ने एकता कपूर को दिया था चेक; निर्माता ने किया खुलासा

**एक्टर** अक्षय कुमार और एकता कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म भूत बंगला के लिए चर्चाओं में हैं। इस बीच एकता कपूर ने अक्षय से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया है।



डायरेक्टर प्रियदर्शन और एक्टर अक्षय कुमार 14 साल बाद साथ आने वाले हैं, क्योंकि उनकी फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसके बाद फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। इस बीच ट्रेलर लॉन्च के दौरान एकता कपूर ने खिलाड़ी कुमार से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया।

### जब शॉक हो गईं थीं एकता कपूर

मुंबई में भूत बंगला के ट्रेलर लॉन्च के इवेंट के दौरान एकता कपूर ने अक्षय के साथ अपने अनुभव के साझा किया। फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा' के फ्लॉप होने के बाद एक्टर अक्षय कुमार ने ऐसा कदम उठाया, जिसने एकता कपूर को हैरान कर दिया। एकता ने कहा, 'ये बात बहुत कम लोग जानते हैं। उन्होंने मुझे एक चेक दिया और कहा- ये आपके पैसे हैं। आपको नुकसान हुआ है, अपने पैसे वापस ले लीजिए। और मैं शॉक में रह गई थी। कोई ऐसा नहीं करता। मेरे 31 साल के करियर में किसी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने बहुत ही कैजुअली चेक दिया और कहा, 'ये लो, वापस ले जाओ।'



# 'मंगल मुखी' पहचान, हिम्मत और इंसाफ के सफर को दिखाती है: नमिष तनेजा

**लोकप्रिय** अभिनेता नमिष तनेजा आगामी वेब सीरीज 'मंगल मुखी' में नजर आएंगे। यह सीरीज ट्रांसजेंडर समुदाय के जीवन और उनके रोजमर्रा के संघर्षों पर आधारित क्राइम ड्रामा है। तनेजा ने करियर में पहली बार किसी ट्रांसजेंडर के साथ काम किया है। सीरीज में उनके साथ एला डी वर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। नमिष ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक नया और यादगार सफर रहा। उन्होंने बताया, 'ऐसा पहली बार हुआ है, जब मैं इस तरह की कहानी का हिस्सा बना हूं। साथ ही, यह भी पहली बार है, जब मैंने किसी ट्रांसजेंडर अभिनेता के साथ काम किया है। ' नमिष ने आगे कहा, 'सच बताऊं तो यह अनुभव बहुत आरामदायक और सीखने वाला रहा। मैंने एला को पहले इंस्टाग्राम पर इन्फ्लुएंसर के रूप में देखा था। लेकिन, उनके साथ काम करने पर पता चला कि वे कितनी बेहतरीन अभिनेत्री हैं। अपनी भूमिका में वह बहुत गहराई और सच्चाई लाती हैं। शो के बारे में बात करते हुए नमिष तनेजा ने कहा कि 'मंगल मुखी' की सबसे अच्छी बात यह है कि यह उन चीजों को सामान्य बनाता है जो हमेशा से सामान्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'टैलेंट, भावनाएं और इंसानी जुड़ाव महिला-पुरुष से कहीं आगे होते हैं। इस सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास रहा। 'मंगल मुखी' हंगामा ओटीटी पर दिखाया जाएगा। इसमें नमिष तनेजा एक अहम भूमिका में हैं, साथ ही एला डी वर्मा और रति पांडे भी नजर आएंगी। यह कहानी पहचान, हिम्मत और इंसाफ के सफर को दिखाती है, जिसकी पृष्ठभूमि में वाराणसी और मुंबई के दो बिल्कुल अलग-अलग माहौल हैं।



## 'सर झुकाकर काम करता है मेरा बेटा', परेश रावल ने बेटे आदित्य रावल की तारीफ में कही दिल छू लेने वाली बात

क्टर परेश रावल ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शानदार एक्टिंग से कई लोगों को इंस्पायर किया है। उनकी परफॉर्मेंस देखकर कई एक्टर्स ने एक्टिंग सीखी है। ऐसे में उनके बेटे आदित्य रावल भी आजकल अपने काम से लोगों का दिल जीत रहे हैं। लेकिन परेश रावल का मानना है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने बताया कि उन्होंने भी नई पीढ़ी से, खासकर अपने बेटे से, बहुत कुछ सीखा है।

**आदित्य सर झुकाकर काम करता है:** बातचीत में परेश रावल ने बताया कि उन्हें अपने बेटे आदित्य की कौन सी बात सबसे ज्यादा पसंद है। उन्होंने कहा, 'एक्टिंग के मामले में मैं पहले आया हूं, मेरा तजुर्बा और ट्रेनिंग अलग है... लेकिन मैंने अपने बेटे से ये सीखा है कि ईमानदारी से काम करना चाहिए। वह सर झुकाकर काम करता है और बहुत ही बैलेंस्ड बच्चा है।'

**दोनों बेटों को लेकर क्या बोले परेश रावल:** परेश रावल ने आगे बताया कि कई बार उनके और उनके बच्चों के विचार अलग होते हैं, लेकिन बाद में सोचने पर उन्हें लगता है कि उनके बच्चे सही होते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानता हूं कि मेरे दोनों बेटे, अनिरुद्ध और आदित्य, बहुत समझदार और संतुलित हैं। जब आप उनसे बहस करते हैं, तो उनके विचार आपसे अलग हो सकते हैं, लेकिन अगर आप खुले मन से सोचें तो पता चलता है कि वे सही कह रहे होते हैं। मुझे लगता है कि समाज को सिर्फ दो अच्छे एक्टर्स ही नहीं, बल्कि दो अच्छे इंसान भी मिले हैं।

मैं इस काबिल नहीं, कोई उन्हें रीप्रेजेंट नहीं कर सकता

# भगवान राम' नहीं बनना चाहते थे रणबीर कपूर

**रणबीर** को भगवान राम के किरदार में मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला है और बहुत से लोगों को वह जंचे नहीं। इस बीच रणबीर ने हाल ही खुलासा किया कि वह भगवान राम का किरदार नहीं निभाना चाहते थे। वह खुद को इस काबिल नहीं समझते। रणबीर ने कहा कि कोई भी भगवान राम को रीप्रेजेंट नहीं कर सकता और वह खुद डरे हुए थे। रणबीर कपूर को बेशक काफी लोग राम के किरदार में देख खुश नहीं हैं, और खूब आलोचना कर रहे हैं, पर खुद एक्टर भी यह किरदार नहीं करना चाहते थे। वह इसे लेकर डरे हुए थे, जिसके बारे में हाल ही एक इंटरव्यू में खुलासा किया। 'रामायणम्' में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में हैं। हनुमान जयंती पर 'रामायणम्' का टीजर रिलीज होने के बाद से ही इस बात पर बहस चल रही है कि राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर फिट हैं या फिर किसी और एक्टर को साइन करना था?



### रणबीर ने बताया राम का किरदार निभाने को फिर कैसे हुए तैयार

रणबीर ने फिर बताया कि कैसे उनका नजरिया बदला और वह राम का किरदार निभाने को तैयार हुए। वह बोले, 'कुछ समय बाद, नमित ने मुझे अपने विजन के बारे में बताया। फिर, जब मैं नितेश सर से मिला और उन्होंने मुझे कहानी सुनाई, तो मैं खुद को भाग्यशाली मानता था कि मैं सही समय पर सही जगह पर था। मुझे अभी भी यकीन नहीं होता कि मैं भगवान राम का किरदार निभा रहा हूं, और यह शायद मेरी लाइफ और करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट है।

देर रात किया पोस्ट तो बोले फैंस

# सलमान को नींद नहीं आती रात को ?

सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' की तैयारी के बीच अपने पालतू कुत्ते 'सुख' के साथ क्वालिटी टाइम बिताते दिखे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की हैं। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' में व्यस्त हैं। इसके लिए वे दिन रात मेहनत कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने यह पोस्ट देर रात शेयर किया, जिसके बाद उनके फैंस सवाल कर रहे हैं कि इतनी रात तक जाग क्यों रहे हैं? सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया। इसमें वे व्हाइट शर्ट और ब्लू डैनिम जींस में नजर आ रहे हैं। एक्टर ने अपने पालतू डॉग की फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, '3:55 माय सुख'। तस्वीरों में सलमान खान काफी खुश नजर आ रहे हैं।



# रन फॉर अवेयरनेस रैली को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी




**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हल्द्वानी में नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत आयोजित “रन फॉर अवेयरनेस” रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज की यह दौड़ मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है। जब आप सभी यहां से कदम आगे बढ़ाएंगे, तो यह संदेश पूरे प्रदेश में जाना चाहिए कि उत्तराखंड का युवा अब नशे को “ना” कह रहा है और जीवन को “हाँ” कह रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा एक “साइलेंट वार” की तरह फैल रहा है और इसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है। मजाक-मजाक में युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं और वहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को संकट में डाल देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में शुरू किए गए “नशा मुक्त भारत अभियान” से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। वर्ष 2022 में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हजारों आरोपियों की गिरफ्तारी और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। साथ ही एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) केंद्रों का संचालन किया जा रहा है और सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एटीएफ केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए “दगड़िया क्लब” बनाए गए हैं, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून बनाने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज की जागरूकता और युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। हम सभी संकल्प लें कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने मित्रों व समाज को भी जागरूक करेंगे। औपचारिकता से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से ही हम “ड्रग्स फ्री उत्तराखंड” के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और ऊर्जावान युवा शक्ति के लिए जाना जाता है। यदि युवा शक्ति सही दिशा में बढ़े, तो वह पूरे भारतवर्ष के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी रामेश्वरम हरि, आरएसएस संपर्क प्रमुख उत्तर क्षेत्र डॉ. हरीश रौतेला, श्याम अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भारत भूषण, डॉ. अशोक पाल, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, शंकर कोरंगा, शांति महरा, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, रेनू अधिकारी, ध्रुव रौतेला, सुरेश भट्ट, पूर्व मेयर योगेंद्र सिंह रौतेला सहित आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टी सी आदि मौजूद रहे।

## कटिहार में भीषण सड़क हादसा, 13 लोगों की मौत

एजेंसी



**कटिहार :** शनिवार देर शाम कोढ़ा प्रखंड के बसगड़ा चौक के पास राष्ट्रीय मार्ग-31 पर रफ्तार और नशे ने 13 जिंदगियां छीन लीं। हरदा से पूर्णिया आ रही बस ने पहले दो बाइक सवारों को कुचला, फिर सामने से आ रही पिकअप में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची समेत 13 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 11 पूर्णिया और 2 कटिहार जिले के रहने वाले थे।

मृतकों में तलू सुरेन (48), राधिका हसदा (19), तेलमी देवी (40), पप्पू हसदा, तलपु सोरेन, ताना टुडू, बिटिका मरांडी, पप्पू देवी, चिंतामणि महतो (35), सदानंद मुर्मू, दुर्गा बाशकी (60), रंजीता हेम्ब्रम (55) व एक की पहचान की जा रही है। हादसे में 32 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 8 की हालत गंभीर है। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को पूर्णिया जीएमसीएच रेफर किया गया है।मौके पर मौजूद चश्मदीद इतबारी बासुकी ने बताया कि बस की रफ्तार काफी ज्यादा थी और ड्राइवर नशे में था। बस ने पहले बड़हरा कोठी से लौट रहे सदानंद मुर्मू उर्फ राजेश (40) और उनके बेटे को कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित बस ने झारखंड से कठिया मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शव सड़क पर बिखर गए।

घायल ताला हांसदा ने बताया कि पिकअप सवार सभी लोग झारखंड से धार्मिक कार्यक्रम से पूर्णिया लौट रहे थे। साथ में बेटा, बहू, पोता-पोती थे। उन्होंने बताया कि कोढ़ा थाना क्षेत्र के गेड़ाबारी के पास तेज आवाज हुई और सब एक-दूसरे पर गिर गए। इस घटना में मेरे बेटे-बहू की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है। हादसा को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया है। बस ड्राइवर भी घायल है, कानूनी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

## कोलकाता में 650 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

एजेंसी



कोलकाता : प्रवर्तन निदेशालय ने 650 करोड़ रुपये के कथित कोयला चोरी और वसूली घोटाले में पांच आरोपितों के खिलाफ कोलकाता की विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार सुबह एक बयान में यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से दायर आरोपपत्र में चिन्मय मंडल, किरण खान और उनके सहयोगियों के नाम शामिल हैं। यह आरोपपत्र धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत विशेष अदालत में पेश किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला अवैध कोयला खनन, चोरी, अवैध परिवहन, अवैध बिक्री, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग और जबरन वसूली से जुड़ा एक संगठित रैकेट है। जांच में यह भी सामने आया है कि कोयले के परिवहन और सिंडिकेट के संचालन को सुचारु रखने के लिए राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों और स्थानीय राजनीतिक तत्वों को रिश्वत दी जाती थी। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले की जांच 54 प्राथमिकी के आधार पर शुरू की, जो पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर-आसनसोल क्षेत्र के विभिन्न थानों में दर्ज की गई थीं। ये शिकायतें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की ओर से दर्ज कराई गई थीं। जांच में पाया गया कि चिन्मय मंडल और किरण खान एक संगठित कोयला सिंडिकेट का हिस्सा थे, जो दुगार्पुर-आसनसोल और आसपास के इलाकों में सक्रिय था। दोनों को दो फरवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी के अनुसार, सिंडिकेट न केवल अवैध तरीके से कोयले का कारोबार कर रहा था, बल्कि वैध डिलीवरी आदेश धारकों, परिवहनकताओं और खरीदारों से व्यवस्थित रूप से वसूली भी करता था। इस वसूली को “जीटी”, “गुंडा टैक्स” या “रंगदारी टैक्स” के नाम से जाना जाता था, जिसे लिफ्टिंग शुल्क, हैंडलिंग शुल्क या दान के रूप में दिखाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि वसूली की दर 275 रुपये प्रति टन से लेकर 1500 रुपये प्रति टन तक थी, जो नीलामी में बिकने वाले कोयले के वास्तविक मूल्य का 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंचती थी। इस कारण बड़ी मात्रा में आवंटित कोयला उठाया नहीं जा सका, जिससे ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

### राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि से ठंडक, किसानों की बढ़ी चिंता

**जयपुर :** प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार को राजस्थान के अनेक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहा, जिससे जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है।
मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार यह सिस्टम आठ अप्रैल तक प्रभावी रहेगा, इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है।
प्रदेश में मंगलवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रही। राजधानी जयपुर में भी देर रात करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में करीब सात डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ गई और मौसम सुहावना हो गया।
बदले मौसम का असर तापमान पर भी नजर आया।

## वाराणसी में कफ सिरप मुकदमे में चार लिकर कंपोजिट शॉप सीज

एजेंसी



**वाराणसी :** वाराणसी में थाना कोतवाली पर पंजीकृत कफ सिरप मुकदमे में लिकर शाप और कंपोजिट शॉप के खिलाफ निलंबन आदेश सहित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और चार लिकर कंपोजिट शॉप को सीज कर दिया गया। कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि कोतवाली थाना में कफ सिरप से संबधित पंजीकृत मुकदमे में कार्रवाई करते हुए फरार शुभम जायसवाल के अवैध कारोबार से जुड़ी महिलाओं को हिरासत में लिया गया था। जिसमें महिलाओं के नाम से चल रही शराब लिकर की दुकानों पर कार्रवाई हुई है। जिलाधिकारी अथवा लाइसेंस प्राधिकारी, वाराणसी द्वारा उत्तर प्रदेश आबकारी दुकान (लाइसेंस व्यवस्थापन) नियमावली-2025 के नियम का उल्लंघन करने पर लिकर शॉप, कम्पोजिट शॉप निलम्बन आदेश सहित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वही, शिवांगी जायसवाल पत्नी वैभव जायसवाल की लहरतारा बाजार स्थित कंपोजिट शॉप, बबिता सिंह पत्नी विकास सिंह की कंपोजिट शॉप परेड कोठी, ऊषा देवी पत्नी गुलाब चन्द्र गुप्ता की कम्पोजिट शॉप कज्जाकपुरा, राधिका जायसवाल पत्नी संजय जायसवाल की कंपोजिट शॉप खोजवां कुल चार लिकर शाप को सीज किया गया। उन्होंने कहा कि इसी तरह दो कंपोजिट शॉप के पक्ष मे जमा प्रतिभूति धनराशि जब्त किया गया। जिसमें फरार शुभम जायसवाल की वैशाली पुर्सवानी के नाम पर चल रही कंपोजिट शॉप माधोपुर शास्त्री नगर और रेखा देवी पत्नी मदनलाल की कंपोजिट शॉप शहबाबाद शामिल है।

## घर-घर जनसंपर्क कर गिनाईं उपलब्धियां भाजपा नेता मनोज ने विपक्ष पर साधा निशाना

- ✔ लाभार्थियों से मुलाकात कर योजनाओं का फीडबैक भी लिया
- ✔ बोले, मोदी–योगी सरकार से खुश है जनता

एजेंसी

**मीरजापुर** : भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की मोदी-योगी सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता पूरी तरह संतुष्ट है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी दल केवल जातिवाद की राजनीति कर लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं, लेकिन जनता अब सब समझ चुकी है।

मनोज जायसवाल ने यह बातें भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे गांव-बस्ती संपर्क अभियान के तहत नगर मंडल पूर्वी के शक्ति केंद्र चौबे टोला वार्ड में रविवार को जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से मुलाकात कर योजनाओं के असर का फीडबैक भी लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंडल पूर्वी की अध्यक्ष डॉली अग्रहरि ने किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और उत्तर प्रदेश “विकसित प्रदेश” की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनसंपर्क अभियान में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल रहे।

# स्मार्ट क्लासरूम एवं कंप्यूटर लैब से संवरेंगा स्कूल में आने वाले बच्चों का भविष्य : ग ेश केसरवानी

एजेंसी




**प्रयागराज :** “ऑपरेशन कायाकल्प” योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों के समकक्ष बनाना है, ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। यह बात शनिवार को प्रयागराज के वार्ड 97 चौक गंगादास और वार्ड 100 सेंट्रल अटाला में अभ्युदय उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण के बाद महापौर गणेश केसरवानी ने कहा। उन्होंने विद्यालयों को स्मार्ट सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि, “स्मार्ट स्कूल से सशक्त भविष्य–यह नगर निगम का शिक्षा सुधार की दिशा में बड़ा कदम है।”

चौक गंगादास क्षेत्र के अतरसुइया स्थित विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर लैब और स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। महापौर ने कहा कि आने वाले समय में शहर के अन्य विद्यालयों को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे प्रयागराज शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बना सके।

नगर निगम प्रयागराज द्वारा “ऑपरेशन कायाकल्प” के तहत शहर के सरकारी विद्यालयों को आधुनिक स्वरूप देने की पहल लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में वार्ड 97 चौक गंगादास और वार्ड 100 सेंट्रल अटाला में अभ्युदय उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में सेंट्रल अटाला स्थित अभ्युदय विद्यालय का भी लोकार्पण किया गया। यहां भी स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, डिजिटल संसाधन और आकर्षक शैक्षिक वातावरण तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी और आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने नगर निगम की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा और उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### तीन माह से गैस सिलेंडर नहीं, उपभोक्ता बेहाल

**मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में चुनार क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड के कई गांवों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रुदौली व बरैनी स्थित गैस एजेंसियों के वितरक पिछले दो से तीन माह से सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। रुदौली गांव के हीरालाल यादव, कांति देवी, हंसा यादव, गीता, लालदेई देवी व सीमा देवी ने बताया कि गैस कनेक्शन होने के बावजूद तीन माह से सिलेंडर नहीं मिला, जिससे भोजन बनाने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

वहीं लरछूट गांव के भूपेंद्रनाथ मिश्रा, बटौवा के श्यामलाल, सुनीता व वंदना सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि होली से पहले सिलेंडर बुक कराया गया था, लेकिन अब तक न तो डिलीवरी हुई और न ही बुकिंग सही तरीके से हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग पर केवल संदेश आता है, लेकिन सिलेंडर नहीं मिलता, जिससे बच्चों व बुजुर्गों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। उपजिलाधिकारी सदर गुलाबचंद ने कहा कि यदि एजेंसियों द्वारा आपूर्ति में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खानाकुल में चुनाव से पहले बदले राजनीतिक समीकरण, पूर्व तृणमूल छात्र नेता भाजपा में शामिल

**हुगली :** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले खानाकुल की राजनीति में एक अहम मोड़ देखने को मिला है। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व छात्र नेता अलोक धावा ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। शनिवार रात खानाकुल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा उम्मीदवार सुषांत घोष ने उन्हें पार्टी का झंडा थमाकर औपचारिक रूप से शामिल कराया। जानकारी के अनुसार, लंबे समय तक तृणमूल की छात्र राजनीति से जुड़े रहने के बाद अलोक धावा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति असंतोष के चलते यह फैसला लिया। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और नई राजनीतिक दिशा देने के उद्देश्य से उन्होंने यह कदम उठाया है। वहीं, भाजपा उम्मीदवार सुषांत घोष ने उनके शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा, “अलोक धावा जैसे युवा नेता का पार्टी में आना हमारे संगठन को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि चुनाव से पहले इस तरह के शामिल होने की घटनाएं यह दशार्ती हैं कि आम लोग और कार्यकर्ता बदलाव के पक्ष में हैं।

### धमतरी : बठेना वार्ड में खुली निकासी नाली बनी जानलेवा समस्या

**धमतरी :** शहर के बठेना वार्ड में हाल ही में निर्मित नालियों को स्लैब से नहीं ढकने के कारण वार्डवासियों में भारी नाराजगी है। खुली नालियों से उठ रही बदबू, मच्छरों का प्रकोप और हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। वार्डवासियों ने शासन के तय मापदंडों के तहत नाली निर्माण की मांग की है। वार्ड की समस्या को लेकर बीते दिनों वार्ड की महिलाएं नगर निगम पहुंचीं थी और महापौर रामू रोहरा को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन स्थिति जस की तस है। स्थानीय महिला सोहद्राबाई, कुंती बाई ने रविवार को बताया कि नाली निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन आवश्यक स्थानों पर स्लैब नहीं लगाया गया। इससे नालियां खुली रह गई हैं, जिनसे तेज बदबू घरों तक पहुंच रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। नालियों से कीड़े-मकोड़े घरों में घुस रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। प्रमिला, धनेश्वरी, लीला बाई, चंद्रिका बाई सहित अन्य ने बताया कि निर्माण कार्य में शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि खुली नालियां दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रही हैं। इसी तरह की समस्या सोरिद वार्ड के काली मंदिर- सांई मंदिर गली में भी देखने को मिल रही है। यहां भी नाली निर्माण के बाद स्लैब नहीं लगाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षभर में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। खुली नालियों में कई बार बच्चे और मवेशी गिर चुके हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि निकासी नाली निर्माण में शासन के नियमों का खुला उल्लंघन किया गया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मौन है। वार्ड के लोगों ने नगर निगम से जल्द से जल्द नालियों को स्लैब से ढंकने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ सुरक्षित रूप से मिल सके। बठेना वार्ड के रहवासी हरिराम सिन्हा ने कहा कि बठेना वार्ड में निकासी नालियों का निर्माण शासन के तय निदेर्शानुसार ही किया जाना चाहिए। यहां निकासी नाली निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण में संलग्न कर्मचारी कहते हैं कि कार्य होने के बाद सर्वे किया जाएगा। वार्ड की रहवासी अवंतिका चंद्राकर ने कहा कि बठेना वार्ड में चल रहे निकासी नाली निर्माण का कार्य भगवान भरोसे हैं कार्य का निरीक्षण करने निगम के इंजीनियर भी नहीं आते स्वयं के खर्चे पर दुकान व घर के सामने स्लैब डाला गया है। खुली नाली में अब तक पांच से अधिक लोग गिर चुके हैं।

### अवैध खनन पर सख्ती: औरैया में चेकिंग अभियान के दौरान 10 डंपर जब्त, 3.58 लाख जुमार्ना

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग शनिवार की रात्रि में अभियान के दौरान 10 डंपरों को जब्त किया गया, जबकि 23 वाहनों का चालान किया गया। इस कार्रवाई में कुल ?3 लाख 58 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर यह संयुक्त अभियान देवकली चौकी, जालौन चौराहा और औरैया-इटावा मार्ग पर संचालित किया गया। अभियान में उपजिलाधिकारी (सदर) अजय आनंद वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली औरैया के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, खान अधिकारी वशिष्ठ यादव, एआरटीओ कार्यालय के पीटीओ आनंद राय और जीएसटी कार्यालय के सीटीओ शैलेंद्र मौर्य सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। जांच के दौरान कुल 34 डंपरों की जांच की गई, जिनमें से 10 को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त, धारा 318(4) इठर के तहत एक प्राथमिकी (त्र्क्क्र) भी दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। प्रशासन का कहना है कि प्रदेश सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे।

### राजस्थान में बढ़ने लगी गर्मी, कई शहरों में पारा 40 डिग्री के करीब

**जयपुर :** प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर थमने के बाद अब तेज धूप के साथ गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। शनिवार को जयपुर, अलवर, सीकर समेत अधिकांश शहरों में तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। सबसे अधिक गर्मी कोटा और बाड़मेर में रही, जहां पारा 39.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पश्चिमी राजस्थान में दिन के साथ अब रात का तापमान भी बढ़ने लगा है। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जिससे रात में भी गर्मी का असर महसूस होने लगा है।

## गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में हो बदलाव: समीर पूर्ति



**संवाददाता**

**बंदगांव:** प्रखंड के हाथीबारी गांव निवासी समाजसेवी समीर पूर्ति ने झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग से भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों के समय में तत्काल परिवर्तन करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में बंदगांव प्रखंड सहित पूरे राज्य में पारा तेजी से बढ़ रहा है। चिलचिलाती धूप और लू के कारण स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। भीषण गर्मी की वजह से कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। विद्यालयों का संचालन सुबह 7 बजे से दोपहर 11 बजे तक सुनिश्चित किया जाए। दोपहर की तपती धूप में बच्चों की छुट्टी होने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, जिसे समय बदलकर टाला जा सकता है।उन्होंने कहा स्कूलों के कमरों में अत्यधिक गर्मी होने के कारण बच्चों को एकाग्र होकर पढ़ने-लिखने में भारी कठिनाई हो रही है।बच्चों का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जब स्कूल के अंदर का तापमान असहनीय हो जाए, तो वहां बैठकर शिक्षा ग्रहण करना बच्चों के लिए कष्टदायक है। सरकार को चाहिए कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और अविलंब समय परिवर्तन का आदेश जारी करे।? उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जब तक मौसम सामान्य नहीं होता, तब तक बच्चों को इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु सुबह के सत्र में ही कक्षाएं संचालित की जाएं।

# छऊ नृत्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में वार्षिक महोत्सव की बड़ी भूमिका: जोबा माझी

### सरायकेला में राजकीय चैत्रपर्व सह छऊ महोत्सव का सांसद जोबा माझी ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

**सरायकेला:** सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय चैत्रपर्व सह छऊ महोत्सव-2026 का भव्य उद्घाटन शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने अपने संबोधन में कहा सरायकेला शैली की सबसे बड़ी विशेषता इसके सुंदर और भावपूर्ण मुखौटे हैं। ये मुखौटे पात्रों की भावनाओं को व्यक्त करने का मुख्य माध्यम होते हैं। कहा यह महोत्सव स्थानीय कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच है, जहां वे अपनी कला को अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। सांसद ने कहा कि सरायकेला छऊ नृत्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में इस वार्षिक महोत्सव की बड़ी भूमिका है। इस मौके पर विभिन्न नृत्य दलों द्वारा शास्त्रीय एवं अर्धशास्त्रीय नृत्य विधाओं की प्रस्तुति दी। उद्घाटन समारोह में पद्मश्री चामी मुर्मू, छूटनी महतो, आदित्यपुर के मेयर संजय सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, सरायकेला नगर पंचायत के अध्यक्ष मनोज चौधरी, उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत समेत विभिन्न प्रदेशों से आये कलाकार, छऊ प्रेमी समेत अन्य उपस्थित रहे।






## पुराना बस्ती में मां पाउडी पूजा को लेकर निकली जात्रा घट, भक्तिमय हुआ माहौल

**चक्रधरपुर:** मां पाउडी पूजा को लेकर पुराना बस्ती में शनिवार को दूसरे दिन जात्रा घट निकाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली सजाकर घट का स्वागत किया और फूल, फल व प्रसाद के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरे इलाके में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के पुराना बस्ती स्थित संजय नदी किनारे अवस्थित मां पाउडी मंदिर में 13 और 14 अप्रैल को चैती मेला का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर पांच दिनों तक प्रतिदिन रात्रि में घट यात्रा निकाली जाती है। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर घट का दर्शन करते हैं और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## मानवता की मिसाल बनी वैशाली की जिलाधिकारी



**विनय मिश्रा**

वैशाली डीएम के यहां एक बुजुर्ग अपनी फरियाद लेकर आये थे जिसके सुनने की क्षमता कम थी और वो डीएम की बातें नहीं सुन पा रहे थे।तत्क्षण वृद्ध की समस्या जानने के पश्चात तत्काल उसकी पीड़ा और समस्या को दूर करने के लिए डीएम ने उन्हें श्रवण यंत्र मंगा कर दिया और तत्क्षण उस वृद्ध की समस्या को हल किया यंत्र के उपयोग से बुजुर्ग ने डीएम के बात को सुना।

अभिभावक तुल्य बुजुर्ग को कुर्सी से उठ कर डीएम ने अभिवादन भी किया। ऐसे जिला अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित हैं।

**मधुवन खुशबू देता है सागर सावन देता है**
**जीना उसका जीना है जो औरों को जीवन देता है**

# आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2026 को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**देवघर:** संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, व पुलिस अधीक्षक सौरभ ने शनिवार को आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2026 को लेकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सर्वप्रथम दर्दमारा, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, शिवगंगा, क्यू काम्प्लेक्स, बीएड कॉलेज, बाघमारा स्थित नये आईएसबीटी, कोठिया के अलावा दुम्मा कांवरिया पथ से व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए देवपुरा, बांक, सरासनी एवं दर्दमारा गेट तक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर की जाने वाली तैयारियों की बारीकी से जांच करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अवगत हुए।इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में संथाल परगना कमिश्नर ने कांवरिया पथ में बनाये जाने वाले प्रशासनिक शिविर, ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत व्यवस्था, सूचना-सह-सहायता केन्द्र, होल्डिंग प्वाइंट, शौचालय, स्नानागार, इंद्र वर्षा के अलावा कांवरिया पथ में की जाने वाले विभिन्न तैयारियों से उपायुक्त ने अवगत कराया। आगे निरीक्षण के क्रम में उन्होंने क्यू-कॉम्पलैक्स, इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम, नेहरू पार्क, तिवारी चौक, बी एड कॉलेज, जलसार पार्क, आदि जगहों पर बनाये जाने होल्डिंग पॉइंट्स पर सुविधाओं को और बेहतर करने का जोर दिया।



**देवघर की अंतर्राष्ट्रीय छवि को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य :** इसके अलावा निरीक्षण के पश्चात संथाल परगना कमिश्नर की अध्यक्षता में देवघर परिसदन के सभागार में आगामी राजकीय श्रावणी, 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संथाल परगना कमिश्नर ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से बाबा बैद्यनाथधाम पहुँचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस का विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता है। साथ ही सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभाग द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं को आपसी समन्वय के साथ और भी बेहतर बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान संथाल परगना कमिश्नर ने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, विद्युत विभाग, पथ निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, फीडबैक सिस्टम, पुलिस एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने पीपीटी के माध्यम से आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2026 के सफल संचालन को लेकर किए जाने वाले विभिन्न कार्यो के अलावा पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर पूर्व में किए गए कार्यों की कमियों और सफलताओं का विश्लेषण किया गया, ताकि 2026 के मेले में श्रद्धालुओं को और भी सुगम अनुभव प्रदान किया जा सके। बैठक में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। कांवड़िया पथ पर श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह और सूचना केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटन, निविदा प्रक्रियाओं और भौतिक कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की असुविधा न हो। आगे बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर किये जाने वाले विभिन्न कार्यो से सभी को अवगत कराया। इसके अलावा बैठक को संबोधित करते हुए संथाल परगना कमिश्नर श्री कुमार ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला राज्य सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। देवघर की अंतर्राष्ट्रीय छवि को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है, जिसके लिए मंदिर परिसर और पूरे मेला क्षेत्र में विश्वस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

मौके पर जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी देवघर श्री रवि कुमार, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल देवघर, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत संचरण प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण निगम, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमंडल, देवघर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कनीय अभियंता, नगर निगम की टीम व संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।



## हर शुक्रवार देवी धाम में महाआरती के लिए उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**पलामू:** जिले के हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी धाम में प्रत्येक शुक्रवार को विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ किया जाता है। इस अवसर पर मां भगवती का दरबार फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया जाता है, जिससे मंदिर की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण और भी मनमोहक हो उठता है। शुक्रवार के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ती है। भक्तजन मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेकते हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूरे वातावरण में जय माता दी के जयकारों से भक्ति का अद्भुत माहौल बन जाता है।

महाआरती के दौरान यजमान बनने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिलता है। इसी क्रम में शुक्रवार को हैदरनगर थाना की ग्रामीण पुलिस कर्मी पुष्पा कुमारी अपने परिवार के साथ मां के दरबार पहुंचीं और महाआरती में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी गौतम गोस्वामी ने उन्हें यजमान के रूप में विधि-विधान से विशेष पूजा कराई।

मंदिर के पुजारी का कहना है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मां भगवती की आराधना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि यह मंदिर वर्षों से क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। हर शुक्रवार यहां यजमान बनने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी रहती है, जो इस देवी धाम की बढ़ती लोकप्रियता और गहरी आस्था का प्रमाण है।

# शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, भारी नुकसान,अफरा- तफरी

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**पलामू:** जिले से इस वक्त की बड़ी और दुखद खबर सामने आ रही है जहाँ हुसैनाबाद अनुमंडल के नावाडीह गांव में शनिवार दोपहर कुदरत और सिस्टम की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। तपती दोपहर और ऊपर से चलती तेज हवाओं के बीच अचानक गेहूं के खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि करीब एक दर्जन बीघा में खड़ी लहलहाती फसल धू-धू कर जलने लगी।

ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी आंखों के सामने अपनी महीनों की मेहनत को राख होते देख बेबस नजर आए। हालांकि ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए खुद ही मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य खेत सुरक्षित बच सके। प्राथमिक तौर पर आग की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। इस अग्निकांड में राम ईश्वर सिंह, कृष्णा सिंह और संतन सिंह समेत करीब 17 किसानों की लाखों की फसल जलकर बर्बाद हो गई है।



हादसे की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन की ओर से एसडीओ गौरांग महतो के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी ने घटनास्थल का जायजा लिया है। फिलहाल पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि उनके उजड़े हुए आशियाने और आर्थिक स्थिति को सहारा मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इन बेबस किसानों को कितनी जल्दी राहत पहुँचाता है।

### जपला बाजार में बड़ा हादसा

## अंबेडकर चौक पर दुकान की छत गिरी, नुकसान

**संवाददाता**

**पलामू:** जपला बाजार स्थित अंबेडकर चौक के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जिला परिषद द्वारा निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स की ऊपरी मंजिल पर स्थित एक मोबाइल दुकान की छत का हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में दुकान का काउंटर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दुकान में रखे कई महंगे



मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी टूटकर बर्बाद हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए।

बताया जा रहा है कि घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि उस समय ग्राहक या दुकानदार अंदर होते, तो गंभीर जनहानि हो सकती थी।दुकानदार को इस हादसे में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक नुकसान हजारों रुपये में बताया जा रहा है।इस घटना के बाद मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल प्रशासन से जांच और मुआवजे की उम्मीद जताई जा रही है।